Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 119
जयपुर, गुरुवार, 03 अक्टूबर 2024
पृष्ठ:8 मूल्य: ‘1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साइज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

लेबनान में 2 किमी तक घुसे इजराइली सैनिक

हिजबुल्लाह के लड़ाकों ने 3 टैंक तबाह किए, इजराइल के 8 सैनिकों की मौत

■ संजीवनी टुडे

तेहरान/तेल अवीव। लेबनान के दक्षिणी इलाके में इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी जमीनी लड़ाई में बुधवार (2 अक्टूबर) को इजराइली सेना 2 किमी अंदर मरून अल-रस गांव पहुंच गई है। उउए के मुताबिक, यहां इजराइली सैनिकों की हिजबुल्लाह के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई। आमने-सामने की इस लड़ाई में अब तक इजराइल के 8 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हुए हैं। हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने इजराइल के 3 टैंक भी तबाह कर दिए हैं। इजराइल लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास, ईरान और यमन में हूतियों से लड़ाई लड़ रहा है। मंगलवार रात ईरान ने इजराइल पर 200 बैलिस्टिक मिसाइल दागी थीं। हालांकि, इजराइल के मुताबिक, ईरान ने उस पर 180 मिसाइलों से हमला किया था। इजराइली डिफेंस फोर्स ने बताया कि हमला मोसाद हेडक्वार्टर, नेवातिम एयरबेस और तेल नोफ एयरबेस को निशाना बनाकर किया गया था। ईरान की ज्यादातर मिसाइलों को इजराइल के डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया था। ईरान के हमले के बाद इजराइल ने ठग चीफ एंटोनियो गुटेरेस के इजराइल आने पर रोक लगा दी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि ठग चीफ ने ईरान के हमलों की निंदा नहीं की, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।

बाइडेन बोले- ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला न करे इजराइल

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वो ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजराइली हमले का समर्थन नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल के पास जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है, पर उसे इस तरह से नहीं करना चाहिए। इसके अलावा बाइडेन ने ईरान के खिलाफ नए प्रतिबंध लागू करने की बात भी कही है। लेबनान की मिलिट्री ने बुधवार को बताया कि इजराइली सेना लेबनान में 400 मीटर अंदर तक घुस गई थी। ये घुसपैठ खीरबैत यारौन और आदेयसेह के इलाके में हुई थी। हालांकि घुसपैठ के कुछ देर बाद वापस लौट गई थी। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका और यूरोपीय देशों की मौजूदगी क्षेत्र में जारी तनाव की वजह है। खामेनेई ने कहा कि दूसरे देशों की वजह से ही यहां जंग, टकराव और दुश्मनी बढ़ रही है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने दावा किया है कि ईरान ने इजराइल पर हमले के लिए अपने सबसे एडवांस्ड हथियारों और मिसाइलों का इस्तेमाल किया।

फ्रांस ने नागरिकों से ईरान छोड़ने को कहा

ईरान में फ्रांस के दूतावास ने अपने नागरिकों से ईरान छोड़ने के लिए कहा है। दूतावास ने कहा है कि जैसे ही फ्लाइट्स शुरु होती है, नागरिक ईरान छोड़कर चले जाएं। ये चेतावनी इजराइल और ईरान में बढ़ते तनाव की वजह से जारी की गई है। हिजबुल्लाह के साथ लड़ाई में इजराइल के 8 सैनिकों की मौत हो गई है। इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने इन सैनिकों की तस्वीर भी जारी की है।

हिजबुल्लाह का दावा- धमाका कर मारे कई इजराइली सैनिक

हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने एक विस्फोटक डिवाइस की मदद से कई इजराइली सैनिकों को मार गिराया है। अलजजीरा के मुताबिक हिजबुल्लाह ने यह हमला दक्षिणी लेबनान के यारून इलाके में किया। हालांकि, इजराइल की तरफ से अब तक ऐसे किसी हमले की पुष्टि नहीं की गई है। इजराइली पीएम नेतन्याहू ने तेल अवीव में देश के सभी सिक्योरिटी चीफ्स के साथ बैठक की। बैठक का मकसद ईरान के मिसाइल हमले का जवाब देने के लिए रणनीति तय करना था। हिजबुल्लाह ने एक बार फिर इजराइल पर मिसाइलें दागी हैं। गड्डट्ठ के मुताबिक, बुधवार दोपहर लेबनान से इजराइल पर 40 मिसाइलों से अटैक किया गया। इजराइली सेना ने कहा कि उन्होंने कुछ मिसाइलों को मार गिराया है।

सीएम बोले, पट्टा दिया...मकान की प्रक्रिया भी पूरी होगी

21 हजार घुमंतू व आवासहीन लोगों को भूखंड के पट्टे वितरित किए

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को 21 हजार घुमंतू व विमुक्त श्रेणी के आवासहीन लोगों को भूखंड के पट्टे वितरित किए। कार्यक्रम में उन्होंने कांग्रेस नेताओं को जमकर घेरा। गहलोत के ट्वीट पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आप हमें सलाह दे रहे है, जरा अपने काम देख लीजिए। नौकरियों के दावों पर कटाक्ष पर कहा कि देखते जाइए, जो कहा है वो युवाओं को करके दिखाएंगे। संकल्प पत्र के सभी वादे पूरे करेंगे। 50 फीसदी पूरे भी कर लिए हैं। सीएम ने कहा कि 21 हजार लोगों को पट्टा मिला है। अब मकान की प्रक्रिया भी धीरे-धीरे पूरी होगी। मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि घुमंतू, अर्द्ध घुमंतू एवं विमुक्त परिवारों के लिए देश मे पहली बार इस तरह की योजना आई है। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि यह बहादुर कौम है। यह लोग अभी तक खुले में रहने को मजबूर थे। अब इनकी पीढ़ियां मुख्यमंत्री को याद रखेंगी। हम इन पट्टों की लिस्ट लेकर प्रधानमंत्री के पास जाएंगे और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने का भी प्रयास करेंगे।

2024
घुमंतू, अर्द्ध घुमंतू एवं विमुक्त परिवारों को आवासीय पट्टा वितरण कार्यक्रम
दिनांक 2 अक्टूबर, 2024

90 हजार नौकरियां, चतुर्थ श्रेणी में इंटरव्यू नहीं होगा

सीएम ने कहा कि पहली बार कैबिनेट में 90 हजार नौकरियां निकाली हैं। उन्होंने पूर्व सरकार पर कटाक्ष किया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 60 हजार पद एक-दो साल में रिक्त हुए हैं क्या? अब इनकी भर्ती होगी। 10वीं पास युवाओं की निष्पक्ष भर्ती होगी। इंटरव्यू नहीं होगा। इसी तरह 23 हजार सफाई कर्मी की भर्ती निकाली है। ड्राइवरों की जगह निकाल रहे हैं। सीएम ने कहा कि सरकार किसानों को दिन में बिजली देने का काम करेगी। 2027 तक राजस्थान बिजली बेचने का काम करेगा।

रिजिजू बोले- अच्छे काम पर भी अब वोट नहीं मिलते

संसद में शोर-शराबा और हंगामा ही होता, गालियां दो तो ही खबर बनती है

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राजनीति में अब गिरावट आ चुकी है। पहले संसद में अच्छी चर्चाएं और बहस हुआ करती थी। लेकिन अब सदन में शोर-शराबा और हंगामा ही होता है। एक-दूसरे को गालियां दो, तो ही खबर बनती है। रिजिजू आगे बोले- आज अच्छे काम करके भी वोट नहीं मिलते। अगर आप कुछ अच्छी बात करना चाहते हैं। उसको कोई सुनने वाला नहीं है। रिजिजू ने 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा भारती और संत ईश्वर फाउंडेशन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। रिजिजू बोले- अच्छी बातों को आज मीडिया भी कवर नहीं करता राजनीति के गिरते स्तर पर बाते करते हुए रिजिजू ने कहा- जब हम युवा सांसद थे, तब संसद में अलग ही माहौल हुआ करता था। आज संसदीय कार्य मंत्री होने के नाते मैं सोचता रहता हूं कि आज इतना शोर है कि कोई भी अच्छा बोलने वालों को सुनने को तैयार नहीं है। रिजिजू ने कहा कि अन्य सांसदों से भी इस बारे में पूछता, उनका भी यही मानना है। मैं किसी का नाम नहीं लूंगा, क्योंकि यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है। लेकिन वे कहते हैं कि अगर आप अच्छी चीजों के बारे में बात करते हैं तो मीडिया कवर नहीं करता है। अगर आप संसद में गाली देते हैं और हंगामा करते हैं, तभी यह खबर बनती है। केंद्रीय मंत्री बोले- जैसी शिक्षा मिलनी चाहिए, वैसी नहीं मिल रही केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, मैं एक बॉर्डर एरिया से आता हूं। बचपन में वहां कोई स्कूल और सड़क नहीं थी। हमारे पास कोई सुविधा नहीं थी। टीचर चार-पांच किलोमीटर पैदल यात्रा करके हमारे गांव आते थे। लेकिन, आज बच्चे कॉन्वेंट और पब्लिक स्कूलों में पढ़ते हैं। कई स्कूल ऐसे हैं जहां शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा है। लेकिन, मुझे लगता है कि जिस तरह की शिक्षा मिलनी चाहिए, उसमें कहीं न कहीं कमी दिखाई देती है। रिजिजू बोले- सोशल मीडिया से लोगों पर गलत असर रिजिजू ने कहा कि समाज में अच्छे लोग हैं जो देश के भविष्य के निर्माण के बारे में सोचते हैं लेकिन एक वर्ग ऐसा भी है।

वक्फ संशोधन बिल संयुक्त संसदीय समिति को भेजा

वक्फ कानून (संशोधन) बिल को केंद्र सरकार ने 8 अगस्त को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया। इससे पहले, लोकसभा में इसे केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पेश किया था। चर्चा के दौरान उन्होंने बिल को जेपीसी के पास भेजने का भी प्रस्ताव रखा। जो कोई योगदान नहीं देता और समाज को गलत तरीके से प्रभावित करता है। फिर भी, सोशल मीडिया पर उनके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हैं।

सोनम वांगचुक और 150 प्रदर्शनकारी रिहा

राजघाट पहुंचे, बापू को श्रद्धांजलि दी, लद्दाख को स्टेटहुड दिलाने के लिए आंदोलन कर रहे

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक और 150 अन्य प्रदर्शनकारियों को दिल्ली के बवाना पुलिस थाने से बुधवार को रिहा किया गया। दिल्ली पुलिस की एक टीम सभी को राजघाट ले गई हैं। सोनम और उनके साथियों ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। सोनम की मांग लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने, स्थानीय लोगों के लिए नौकरी में आरक्षण, लेह और कारगिल के लिए एक-एक संसदीय सीट और संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की है। इसको लेकर वे काफी समय से आंदोलन कर रहे हैं। 30 सितंबर की रात हिरासत में लिए गए थे वांगचुक और अन्य प्रदर्शनकारी सोनम अपनी मांगों को लेकर 1 सितंबर को दिल्ली तक पैदल मार्च पर निकले थे। 2 अक्टूबर को उनका मार्च राजघाट पर खत्म होना था। 30 सितंबर की रात सोनम और 150 लोग दिल्ली पहुंचे थे। वे दिल्ली के सिंघु बॉर्डर पर रात बिताना चाहते थे। दिल्ली में 5 अक्टूबर तक धारा 163 लागू है। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वापस जाने के लिए कहा गया। जब वे नहीं माने तो पुलिस ने एक्शन लेते हुए सभी को हिरासत में लिया था। वांगचुक को बवाना पुलिस थाने ले जाया गया था।

वांगचुक को हिरासत में लेने पर कहा ?

पर्यावरण और संवैधानिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक मार्च कर रहे सोनम वांगचुक जी और सैकड़ों लद्दाखियों की हिरासत में लेना सही है। लद्दाख के भविष्य के लिए खड़े होने वाले बुजुर्ग नागरिकों को दिल्ली की सीमा पर हिरासत में क्यों लिया जा रहा है? मोदी जी, किसान बिल की तरह ये चक्रव्यूह और आपका अहंकार टूटेगा। आपको लद्दाख की आवाज सुननी होगी। अन्य प्रदशर्नकारियों को दूसरे थानों में भेजा गया था। वांगचुक का अनशन थाने में भी जारी रहा था। अगले दिन 1 अक्टूबर को वांगचुक को रात में दिल्ली के सेंट्रल एरिया की ओर जाने से रोका गया था, लेकिन वे मान नहीं रहे थे। इसके बाद उन्हें दूसरी बार पुलिस ने हिरासत में लिया था। मुझे दिल्ली की बॉर्डर पर हिरासत में से लिया गया है। यहां 1,000 पुलिसवाले थे। हमारे साथ कई बुजुर्ग हैं। हमारे भाग्य क्या लिखा है, हमें नहीं पता। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और लोकतंत्र की जननी में बापू की समाधि तक शांतिपूर्ण मार्च पर थे। हे राम। एपेक्स बॉडी के ऑर्डिनेटर बोले- 24 घंटे से ज्यादा हिरासत में मंगलवार रात को दूसरी बार गिरफ्तारी के बाद लेह एपेक्स बॉडी के ऑर्डिनेटर जिग्मत पलजोर का बयान सामने आया था। उनका कहना है कि गिरफ्तारी को 24 घंटे से ज्यादा हो गए है और हमें अभी भी मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया गया है। ऐसा करना अवैध है।

विनेश फोगाट बोलीं- मैंने पीएम मोदी से बात नहीं की

■ संजीवनी टुडे

ओलिंपिक डिसक्वालिफिकेशन के बाद कॉल आई, उन्हें रिकॉर्डिंग कर सोशल मीडिया पर डालनी थी

पानीपत। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के बीच जुलाना से कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व रेसलर विनेश फोगाट का दावा है कि पेरिस ओलिंपिक में 100 ग्राम बढ़े वजन से डिसक्वालिफाई होने पर घ्ख्न नरेंद्र मोदी की तरफ से उन्हें कॉल आई थी लेकिन उसमें कुछ शर्तें रखी गई थी। वह ये वीडियो सोशल मीडिया पर भी डालना चाहते थे, इसलिए मैंने बात करने से इनकार कर दिया। एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में विनेश ने इसका खुलासा किया। हालांकि विनेश फोगाट का एक और इंटरव्यू वीडियो सामने आया है, जिसमें वह दावा कर रही हैं कि डिसक्वालिफिकेशन के बाद उन्हें किसी भाजपा नेता ने फोन नहीं किया। इंटरव्यू में विनेश से सवाल किया गया कि ओलिंपिक में मेडल से चूकने के बाद क्या आपसे प्रधानमंत्री ने बात की थी। इस पर पहले विनेश हंस पड़ी और फिर कहा कि फोन आया था, लेकिन मैंने मना कर दिया। विनेश ने कहा कि ‘उनका डायरेक्ट फोन नहीं आया। इंडिया के जो ऑफिशियल हैं उन्होंने फोन किया था। उन्होंने बताया था कि वह बात करना चाहते हैं। मैंने बोला ठीक है। उन्होंने मेरे सामने शर्त रखी कि आपका कोई आदमी साथ नहीं रहेगा। हमारी टीम शामिल रहेगी। इसमें 2 लोग हैं। एक वीडियो शूट करेगा और दूसरा बात करवाएगा। ये सोशल मीडिया पर जाएगा। इसके बाद मैंने कहा सॉरी। विनेश ने कहा कि मैं अपनी भावनाओं का मजाक नहीं उड़ाना चाहती हूं। अगर उनको सच में सहानुभूति है कि वह बिना रिकॉर्डिंग बात कर सकते तो मैं बहुत धन्यवाद रहूंगी। शायद उन्हें पता था कि विनेश बात करेगी तो दो साल का हिसाब मानेगी। वह अपने हिसाब से रिकॉर्डिंग को काट सकते थे, लेकिन मैं तो ऐसा नहीं कर सकती। विनेश फोगाट का एक और वीडियो सामने आया है। जिसमें वह निजी मीडिया चैनल में इंटरव्यू के दौरान कह रही हैं कि पेरिस ओलिंपिक से डिसक्वालिफाई होने के बाद उख्ब् के सिंगल नेता ने न फोन किया और न मैसेज किया।

जेल में जाति देखकर काम का बंटवारा, एससी का फैसला

कोर्ट ने 17 राज्यों से जवाब मांगा था, सीजेआई बोले थे- ऐसे नियम तकलीफ पहुंचाने वाले

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। जेल में कैदियों की जाति देखकर काम के बंटवारे मामले में आज सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनाएगा। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की 3 सदस्यीय बेंच ने 10 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल यह मामला एक पत्रकार सुकन्या शांता ने उठाया था। उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की और दलील दी कि, देश के करीब 17 राज्यों में जेलों में बंद कैदियों के साथ जाति आधारित भेदभाव हो रहा है। इस पर पहली सुनवाई जनवरी 2024 में हुई। कोर्ट ने 17 राज्यों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा। छह महीने के अंदर केवल उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने ही अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। याचिकाकर्ता सुकन्या शांता पेशे से पत्रकार हैं। वह मानवाधिकार कानून और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर लिखती हैं। उन्होंने अपनी खबरों के जरिए जेल में जातिगत भेदभाव का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे पर 2020 में रिसर्च रिपोर्ट भी तैयार की। रिपोर्ट में जिक्र था कि, भारत के 17 राज्यों में कैदियों को काम का बंटवारा उनकी जाति देखकर किया जाता है।

सुकन्या की यह रिपोर्ट ‘द वायर’ पर पब्लिश हुई थी

सुकन्या की यह रिपोर्ट ‘द वायर’ पर पब्लिश हुई थी। राजस्थान में कैदी अगर नाई होगा तो उसे बाल और दाढ़ी बनाने का काम मिलेगा वहीं ब्राह्मण कैदी को खाना पकाने का काम मिलता है। जबकि वाल्मीकि समाज के कैदी सफाई करते हैं। केरल में आदतन अपराधी और दोबारा दोषी ठहराए गए अपराधी के बीच अंतर किया जाता है। आदतन डकैत या चोर को अलग अलग कैटेगरी में बांटा गया। बाकी से अलग रखा जाता है। उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल, 1941 में कैदियों के जातिगत पूर्वाग्रहों को बनाए रखने और जाति के आधार पर सफाई, संरक्षण और झाड़ू लगाने का काम करने का प्रावधान है। इस मामले में दिसंबर 2023 में याचिका लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने 10 महीने के अंदर सुनवाई पूरी कर ली। 10 जुलाई को आखिरी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उत्तर प्रदेश जेल नियमावली के कुछ प्रावधानों को भी अदालत में पढ़ा था। इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने तर्क दिया कि हमारी जेलों में कोई जातिगत भेदभाव नहीं है लेकिन, मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने जेल नियमों को भी पढ़ा और उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई। नियम 158 में मैला ढोने के कर्तव्य (जिम्मेदारी) का जिक्र है। यह मैला ढोने का कर्तव्य (जिम्मेदारी) क्या है? इसमें मैला ढोने वालों की जाति क्यों लिखी गई है। इसका क्या मतलब है? इसके बाद एख्क्क की अध्यक्षता वाली बेंच ने पश्चिम बंगाल के वकीलों से जेल नियम भी पढ़ने को कहा। वहां भी जेल नियम में इसका जिक्र था कि सफाई कर्मचारी कौन होना चाहिए। इसे पढ़ने के बाद बेंच ने पूछा कि क्या आपको इसमें कोई समस्या नजर नहीं आती है? सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि जेल के ये नियम बेहद तकलीफदेह हैं।

राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रॉपर्टी को लेकर दिए अहम आदेश

बिल्डर मूलभूत सुविधा होने पर ही बेच सकेंगे प्रॉपर्टी, यूडीएच-निगम से मिलेगा प्रमाण पत्र

■ संजीवनी टुडे

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने बुधवार को प्रॉपर्टी से संबंधित महत्वपूर्ण आदेश पारित किए। कोर्ट ने कहा कि अब से राज्य में विकास प्राधिकरण, यूडीएच और निगम सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बिल्डर बिना मूलभूत सुविधाओं के प्रॉपर्टी न बेचे। उसे भवन विनियमों के सभी दायित्व पूरे करने होंगे। यह तभी संभव होगा, जब विकास प्राधिकरण प्रमाणित करें कि बिल्डर द्वारा विकसित कॉलोनी सभी मामलों में रहने योग्य है। यानी पानी, बिजली, जल निकासी आदि सुविधाएं हैं। यह आदेश राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव एवं न्यायाधीश मदन गोपाल व्यास की खंडपीठ ने अंसल सुशांत सिटी के रहवासियों की याचिका पर दिया। आदेश के तहत यूडीएच और निगम से बिल्डर को सर्टिफिकेट लेना होगा कि उसकी सोसायटी में सभी मूलभूत सुविधाएं हैं। इस मामले में अगली सुनवाई इसी महीने के अंतिम सप्ताह में होगी। हाईकोर्ट ने यूडीएच सेक्रेटरी को आदेश जारी किए कि पहले यूडीएच प्राइवेट विकसित कॉलोनी को लेकर पूरी जांच करे और मूलभूत सुविधाएं होने के बाद सर्टिफिकेट जारी करे। इसके बाद ही बिल्डर मकान, फ्लैट और भूखंड बेच पाएंगे। राज्य और विकास प्राधिकरण सुनिश्चित करेंगे कि बिल्डर खरीदारों से धोखाधड़ी न करें। प्राधिकरणों की यह भी सुनिश्चित करना होगा कि बताई गई योजना के अनुसार डेवलपमेंट हो। ऐसी स्थिति न हो, जहां पानी की सुविधा के बिना हजारों लोग रहने लगे हैं। इसके लिए यूडीएच सेक्रेटरी समेत प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरणों को इस संबंध में निर्देश जारी करने के लिए कहा गया है। मालूम हो कि कई निजी कॉलोनियों में पेयजल की सुविधा नहीं है। कोर्ट के आदेश के बावजूद केवल समय लिया जा रहा है। ऐसे में हाईकोर्ट ने अब सख्त आदेश दिया है। राजस्थान हाईकोर्ट की जस्टिस रेखा बोराणा की बेंच ने राजस्थान स्टेट डेंटल काउंसिल के मेंबर्स चुनाव में आगे की प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

आईएएस राजेंद्र विजय पर आय से अधिक संपत्ति का केस

एसीबी को 13 भूखंड, 16 बैंक खाते मिले, 7 दिन पहले कोटा संभागीय आयुक्त बने राजेंद्र एपीओ

■ संजीवनी टुडे

जयपुर/कोटा। आय से अधिक संपत्ति केस में एसीबी ने बुधवार को कोटा के संभागीय आयुक्त राजेंद्र विजय के 4 ठिकानों पर सर्च की। कोटा के सरकारी आवास, जयपुर आवास और दौसा में छापे मारे गए। एसीबी को राजेंद्र के ठिकानों पर 13 आवासीय-व्यावसायिक भूखंडों के दस्तावेज मिले हैं। इसमें जयपुर में टोंक रोड पर बना आलीशान घर व सी-स्कीम में लग्जरी कॉम्प्लेक्स शामिल है। इसके अलावा 2.22 लाख रुपए नकद, 335 ग्राम सोने व 11.80 किलो चांदी के आभूषण, 3 कारें आदि शामिल हैं। सर्च में 16 बैंक खाते भी मिले हैं, जिनमें काफी रकम होना बताया जा रहा है। एसीबी खातों का बैलेंस चेक कराएगी। इधर, सर्च के दौरान ही सरकार ने 7 दिन पहले ही कोटा संभागीय आयुक्त पद पर लगाए गए राजेंद्र विजय को एपीओ कर दिया। उनकी जगह कलेक्टर को चार्ज ?दिया गया है। एसीबी डीजी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि 4 माह पहले आईएएस द्वारा भ्रष्टाचार से कमाए पैसों से बड़े निवेश का इनपुट मिला था। एसीबी ने वेरिफाई किया था।

मोबाइल जब्त, दौसा के दुब्बी गांव में पैतृक घर भी सील किया

राजेंद्र विजय मूलतः दौसा जिले के दुब्बी गांव के हैं। सर्च के दौरान एसीबी की टीम उनके गांव पहुंची। जहां कोई परिवार का सदस्य नहीं मिला। एसीबी ने उनका पैतृक घर सील कर दिया। अब एसीबी दस्तावेज की जांच करवाकर वैल्यू करवाएगी। बैंक खातों की जांच करेगी। इसके बाद राजेंद्र विजय से विस्तृत पूछताछ करेगी। एसीबी ने सर्च के दौरान राजेंद्र से पूछताछ की और उनका मोबाइल जब्त कर लिया। आईएएस अभी कोटा सर्किट हाउस में ठहरे थे। सरकारी आवास में अभी शिफ्ट नहीं हुए थे। सर्किट हाउस में करीब 9 घंटे कार्रवाई चली। जांच में सामने आया कि राजेंद्र का पत्नी राधना के नाम बड़ा निवेश है। पत्नी के नाम रजिस्टर्ड फर्म से ट्रेडिंग व कपड़ा कारोबार है। बेटा संकल्प एक एनजीओ चलाता है। सर्च के दौरान एसीबी ने गोल्ड की जांच के लिए मशीन लेकर ज्वैलर को बुलाया था। राजेंद्र इससे पहले हाड़ौती के बारां के कलेक्टर भी रह चुके हैं। कोटा आने से पूर्व आरयूआईडीपी में प्रोजेक्ट डायरेक्टर थे। मंगलवार को राजेंद्र विजय पर आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया और बुधवार सुबह करीब 6 बजे छापेमारी की। आधा दर्जन टीमों ने एक साथ जयपुर, कोटा व दौसा के चार ठिकानों पर दबिश दी।

खबरें फटाफट

ग्रामीण एसपी आनंद शर्मा ने किया रेनवाल मांजी थाने का निरीक्षण

संजीवनी टुडे

फागी। जयपुर ग्रामीण एसपी आनंद शर्मा आज क्षेत्र के दौरे पर रहे.... एसपी ने रेनवाल मांजी थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी पार्थ शर्मा, थाना अधिकारी रामपाल शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान थाना पुलिस ने एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर सलामी दी साथ ही एसपी ने थाने की रिपोर्ट ली और थाना प्रभारी को क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए दिशा निर्देश दिए। इस दौरान गार्ड ऑफ ऑनर राजेंद्र सिंह, राजेश, मनीष, मनोज दिनेश ने दिया। इस अवसर पर थाना अधिकारी रामपाल शर्मा, दिनेश, भंवर लाल, महावीर, धर्मपाल, लोकेश, कैलाश, राजेश, हरिओम, मंजू के साथ पुलिस जवान मौजूद रहे।

देवती मे निपुण मेले का हुवा आयोजन

संजीवनी टुडे

टहला । राजगढ़ क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवती मे निपुण मेले का आयोजन किया गया। मेला प्रभारी भरतलाल गुर्जर ने बताया की आज कुंडला पंचायत की सभी स्कूलों मे 1 से 3 तक सभी अध्ययनरत छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया बच्चों ने पोस्टर मॉडल बनाये जलेबी पकड़, नीबू दौड़ आदि प्रतियोगिताओं मे भाग लिया। मेले मे मंच संचालन अध्यापक राम नरेश गुर्जर ने किया। इस अवसर पर बच्चों को अल्पहार कराया ओर मेले मे उपस्थित अथिति प्रधानाचार्य मुरारी लाल ,रामनिवास झालटाला,शक्ति सिंह यादव, तोताराम गुर्जर,सूर्य कुमार शर्मा,ब्रजमोहन मीणा,धर्मराज चौधरी, अशोक शर्मा,योगेश शर्मा,कर्मचंद मीणा,कोमल मीणा,वीरेंद्र राय,सुखराम मीणा,योगेश मीणा,रणजीत घांघल, चंदूराम पीटीआई सहित समस्त स्कूल स्टॉफ मौजूद रहे।

बैठक में गांधी पार्क के विकास के लिए समिति गठन पर हुई चर्चा

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के गांधी पार्क में बुधवार को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में राजगढ़ वेलफ़ेयर सोसायटी एवं नगरपालिका के संयुक्त तत्वावधान में श्रमदान किया गया। श्रमदान के पश्चात बैठक आयोजित हुई जिसमें गांधी पार्क के विकास सम्बन्ध में विचार विमर्श कर विकास समिति का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संयोजक पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा को सर्वसम्मति से बनाया गया। शर्मा शीघ्र ही संयोजक मंडल का गठन करके सभी के सहयोग से गांधी पार्क का विकास करवायेंगे एवं गांधी पार्क का बेहतर रखरखाव किया जायेगा। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य के एल मीना, राजगढ़ वेलफ़ेयर सोसायटी के अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा,सचिव किशोर मुखर्जी, दिनेश प्रधान संगठन सचिव, एडवोकेट राहुल दीक्षित,रामरतन तांबी,अजय यादव, गिर्राज प्रजापत, लोकेश रावत, जगमोहन शर्मा, पूरण जैमन सहित नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

गांधी पार्क में आज से होगा कला संगम की ओर श्री रामलीला का मंचन

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के नवीन रंगमंच गांधी पार्क में कला संगम राजगढ़ की ओर से श्रीरामलीला का मंचन रात्रि 8.15 बजे से शुभारंभ होगा। कला संगम के सचिव जगमोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक श्रीरामलीला का सजीव व भव्य प्रदर्शन नवीन रंगमंच गांधी पार्क में रात्रि 8.15 बजे से होगा। 3 अक्टूबर को श्री गणेश पूजन, आरती तथा नारद मोह की लीला का मंचन किया जाएगा।

भौरंगी धाम गौशाला के गेट एवं मूर्ति स्थापना का तीन दिवसीय कार्यक्रम 6 को

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर) । कस्बे के माचाड़ी मार्ग स्थित भौरंगी धाम गौशाला में पाबूजी महाराज माचडी धाम की ओर से भौरंगी धाम गौशाला के भव्य गेट का मुहूर्त एवं मूर्ति स्थापना का तीन दिवसीय कार्यक्रम 6 अक्टूबर रविवार से प्रारंभ होगा। 6 अक्टूबर को प्रातः 8:15 बजे रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। सोमवार 7 अक्टूबर को प्रातः 9:15 बजे हवन पूजन व रात्रि 8:00 बजे से विशाल जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जागरण में आकृति मिश्रा,संजय राजस्थानी, जगमोहन पाराशर,वकील निराला, भवानी सिंह कोलू अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 8 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 9:15 बजे भव्य कलश यात्रा श्री पाबूजी महाराज धाम रेबारपुरा से भौरंगी धाम गौशाला तक निकाली जाएगी।

यूआईटी द्वारा मिनी सचिवालय में लगाई गई 'वेस्ट टू आर्ट' प्रदर्शिनी का किया अवलोकन

वन मंत्री ने किया 'अतुल्य अलवर अभियान' के पोर्टल व लोगो को लॉन्च

संजीवनी टुडे

अलवर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने आज कलक्ट्रेट सभागार में गांधी जयन्ती के अवसर पर जिला प्रशासन के नवाचार 'अतुल्य अलवर अभियान' के तहत विकसित किए गए क्लीन अलवर डॉट इन पब्लिक पोर्टल को लॉन्च किया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने 'अतुल्य अलवर अभियान' की जानकारी प्रदान की। मंत्री शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु नवाचार करते हुए यह पब्लिक पोर्टल लॉन्च किया है जिसमें आमजन अपनी सफाई से जुडी शिकायतें डालने पर नगर निगम द्वारा त्वरित साफ-सफाई कराई जाएगी और इसकी मॉनिटरिंग जिला प्रशासन के द्वारा निरन्तर की जाएगी। आमजन का इस पोर्टल पर फीडबैक भी दे सकते हैं। इस नवाचार से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। मंत्री शर्मा ने अभय कमाण्ड के तहत शहर में लगे हुए कैमरों से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पर निगरानी के लिए मिनी सचिवालय में बनाए गए स्वच्छता प्रहरी नियंत्रण कक्ष का अवलोकन किया। इस कक्ष के माध्यम से शहर के प्रमुख स्थानों पर साफ-सफाई व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। कैमरों के माध्यम से गन्दगी सामने आने पर तुरन्त नगर निगम को संदेश भेजकर सफाई व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होंने मिनी सचिवालय परिसर में यूआईटी द्वारा घरेलू अनुपयोगी सामग्री से बनाई गई मनमोहक कलाकृतियों की प्रदर्शनी 'वेस्ट टू आर्ट' का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कलाकृतियों को यूआईटी द्वारा चौराहों एवं पब्लिक पार्कों में लगाया जाए। यह सामग्री देखने में सुन्दर होने के साथ-साथ अनुपयोगी से उपयोगी सामग्री बनाने का भी संदेश देती है। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि अलवर शहर में सफाई से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वेब पोर्टल क्लीन अलवर.इन विकसित किया है जिसमें अलवर शहर के समस्त वार्डों (वार्ड सं. 1 से 65 तक) के निवासी सफाई से संबंधित समस्या डाल सकते हैं। इसमें नागरिकों को स्वयं के व समस्या के विवरण के साथ उसकी फोटो डालना अनिवार्य होगा। शिकायत सबमिट होने पर शिकायतकर्ता को एक शिकायत क्रमांक मिलेगा जिसमें वह डाउनलोड करके अपने पास रख सकता है ताकि शिकायत की स्थिति देख पाये। यह शिकायत नगर निगम के पास जावेगी तथा जिला कलक्टर के निर्देशानुसार नगर निगम आगामी 24 घण्टे के भीतर इसका निस्तारण करने का प्रयास करेगा एवं सफाई हो जाने के बाद की फोटो भी नगर निगम द्वारा अपलोड की जावेगी। शिकायत के निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट है या नहीं ये फीडबैक दे सकता है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल की मॉनिटरिंग स्वयं जिला कलक्टर तथा समस्त वार्डों के प्रभारी अधिकारियों द्वारा की जावेगी। आमजन इस पोर्टल का लाभ उठावे तथा अनावश्यक शिकायतें, फोटो आदि न डाले एवं शिकायत के निस्तारण होने पर सही फीडबैक सबमिट करें ताकि उक्त पोर्टल का अधिकाधिक लाभ उठाया जा सके एवं इस प्रक्रिया में आवश्यकतानुसार सुधार किया जा सके। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के उप निदेशक श्री चारू अग्रवाल ने बताया कि पर शिकायत दर्ज करने के लिए सबसे पहले अपने मोबाइल ब्राउज़र में वेबसाइट खोलें। वेबसाइट खुलने के बाद पोर्टल पर 'शिकायत दर्ज करें' पर क्लिक करें जिसमें एक फॉर्म खुलेगा जिसमें आमजन अपना वार्ड नंबर चुन सकते हैं और अपनी शिकायत से संबंधित विवरण दर्ज कर सकते हैं। आमजन शिकायत के प्रकार को भी चुन सकते हैं, शिकायत की लोकेशन दर्ज कर सकते हैं और अपनी शिकायत से संबंधित अन्य जानकारी भी दे सकते हैं। शिकायत की जानकारी भरने के बाद नीचे दिए गए 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें। इसके बाद पोर्टल आपको शिकायत संख्या डाउनलोड करने की सुविधा देगा। आपके द्वारा शिकायत पर नगर निगम द्वारा कार्यवाही की जाएगी। इसके पश्चात नगर निगम द्वारा आमजन के द्वारा दर्ज शिकायत पर की गई कार्यवाही पोर्टल पर अपडेट कर दी जाएगी। व्यक्ति फिर से पोर्टल के होमपेज पर जाकर 'शिकायत की स्थिति देखें' पर क्लिक करके स्वयं के द्वारा दर्ज की गई शिकायत की स्थिति और समाधान देख सकता हैं। इस दौरान नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, यूआईटी की सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीमा महावर, उपखण्ड अधिकारी अलवर जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, नगर निगम आयुक्त संजय गोयल सहित संबंधित अधिकारी व पं. जलेसिंह सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं आमजन मौजूद रहे।

नशा मुक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर) । हिन्दुस्तान स्काउट एण्ड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय अलवर के तत्वाधान में वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत राजगढ़ ब्लॉक में नशा मुक्त रैली का आयोजन किया गया। जिसमें जिला प्रभारी सौरभ वर्मा के निर्देश अनुसार जिला रोवर लीडर कुलदीप सिंह अवाना के नेतृत्व में रैली का आयोजन किया गया । विद्यालय संस्था प्रधान कमलेश कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली मे विद्यालय उप प्राचार्य अमित कुमार मीणा, हिंदुस्तान स्काउट जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा, बाबूलाल व्याख्याता, स्काउट से विजय सिंह बैरवा सहित विद्यालय का स्टाफ व छात्र, छात्राए उपस्थित रहे।

कम्युनिटी कनेक्ट प्रोग्राम का हुआ आयोजन

संजीवनी टुडे

सीबीईओ मालपुरा ने किया अवलोकन

मालपुरा (टोंक)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चांदसेन में गांधी जयंती के अवसर पर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया। इनके साथ ही बाल वाटिका में कम्युनिटी कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन भी किया गया। जिसमें सितंबर माह में जन्म लेने वाले बाल वाटिका के 12 बच्चों का जन्मोत्सव एक साथ मनाया गया एवं बच्चों को उपहार दिए गए। कम्युनिटी कनेक्ट प्रोग्राम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा, सीबीईओ कार्यालय के गणेश बैरवा, पीईईओ चांदसेन के उप प्रधानाचार्य भरत गोपाल शर्मा, व्याख्याता सुरेंद्र शर्मा, समाजसेवी रामनारायण वर्मा, एमजीजीएस चांदसेन के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा सहित समस्त स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित हुए। इस अवसर पर महिलाओं की मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर माया देवी, द्वितीय स्थान पर पूजा देवी एवं तृतीय स्थान पर पूजा प्रजापत रही। विजेताओं को मोमेंटो देखकर पुरस्कृत किया गया। सीबीईओ द्वारा अर्पिता गढ़वाल को उसकी चित्रकला के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बाल वाटिका शिक्षक बनवारी लाल कुम्हार व कार्यक्रम प्रभारी नाथू लाल पहाड़िया ने शिक्षक अभिभावक समीक्षा बैठक पर प्रकाश डाला और बच्चों की प्रगति से अभिभावकों को अवगत करवाया।सीबीईओ मंजू मीणा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए स्टाफ की टीम भावना की जोरदार प्रशंसा की और हमेशा मिलजुल कर कार्य करने की प्रेरणा दी । प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

गांधी जयंति के अवसर पर प्रभात फैरी का आयोजन साथ ही स्वच्छता ही सेवा पर किया श्रमदान

संजीवनी टुडे

जयपुर। गांधी जयंति के अवसर पर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण(जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय एवम् जयपुर जिला के निर्देशन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय एवम् जयपुर जिला पल्लवी शर्मा एवम् पवन जीनवाल द्वारा राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छोटी चौपड़, जयपुर में प्रभात फैरी एवम् स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभात फैरी का मुख्य विषय गांधीजी द्वारा दिए गए अहिंसा के पदचिन्हों पर आने वाली पीढ़ी का अग्रसर कर न्याय के सिद्धान्तों के मुलभूत स्तम्भों से विद्यार्थियों को अवगत करवाना रहा। कार्यक्रम में फैरी की शुरूआत कर हरी झण्डी दिखाते हुए पल्लवी शर्मा एवम् पवन जीनवाल ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण अपने विभिन्न आयामों के माध्यम से विद्यार्थी, आमजन, महिला, बुजर्ग सभी के बीच अपनी एक विशेष पहचान बनाता आया है और आमजन को काफी लाभ भी इस माध्यम से प्राप्त हुए है। आवश्यकता है तो केवल अपने मुलभूत अधिकारों की जानकारी होना एवं उनके दुरूपयोग को रोकना। कार्यक्रम की कडी में विद्यालय परिसर एवं विद्यालय के आस-पास के परिसर में ''स्वच्छता ही सेवा है'' की तर्ज पर श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी। इस दौरान विशेषकर विद्यार्थियों से यह अपील किया कि आज का समय हमारे आस-पास के वातावरण को स्वस्थ्य एवं स्वच्छ रखने का है जो कि आने वाली पीढ़ी हेतु आवश्यक है। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान ''स्वच्छता ही सेवा है'' के माध्यम से गांधीजी के सादा जीवन-उच्च विचार की विचारधारा को धरातल पर उतारना है ताकि एक बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाध्यापक पुखराज आर्य तथा लीगल लिटरेसी क्लब इंचार्ज श्रीमती हिना अख्तर, स्कूल के अध्यापकगण एवम् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के स्टाफ प्रतिभा खंडेलवाल, नयनपाल सिंह तंवर, देवेन्द्र कुमार, विनायक एवं प्रकाश मीणा उपस्थित रहे।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मनाई महात्मा गांधी जयंती

संजीवनी टुडे

फागी। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थला में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर निपुण मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्थानीय विधालय की प्रधानाचार्य अंजू बैरवा के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया? गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं देश की स्वतंत्रता व निर्माण पर विचार रखे। इसके उपरांत निपुण मेले मे छात्रों ने पूर्ण समर्पित होकर भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयो के ज्ञान का सर्जनात्मक रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा मिशाइल प्रक्षेपण, बांध प्रोजेक्ट, कृषी सुरक्षा हेतु बंदुक, नक्षत्र ज्ञान, मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमा, विधालय का सजीव माडल, ट्रेफिक सिंग्नल व्यवस्था के अतिरिक्त भाषा विज्ञान व गणितीय ज्ञान के विभिन्न माडलो का सजीव प्रर्दशन किया गया। साहित्य गतिविधियों में भाषा ज्ञान की अन्ताक्षरी, नृत्य, गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शारीरिक दक्षता में छात्रों ने जलेबी रेस, चम्मच दौड, रूमाल झपट्टा, म्यूजिकल चेयर गतिविधियों में भाग लिया। बाल मेले के तहत छात्रों ने विभिन्न प्रकार की स्टाल भी लगाई जिसके तहत छात्रों ने व्यवसायिक ज्ञान व दक्षता का परिचय दिया। कार्यक्रम को सफल संचालन में शिक्षक राजेंद्र चौधरी, संगिता टांक, अंशिका अत्रै, शिला चौधरी, एकता, सायना, सुमन, चम्पा मीणा, शशिकांत भारद्वाज, दिनेश शर्मा, इमरान नकवी, मनोज शर्मा ने अपना पूर्ण समर्पण से कार्य किया।

मोटे अनाज का पौष्टिक आहार देता है रोगों से लड़ने की ताकत: आहार विशेषज्ञ रचना गहलोत

माइटी मिलेट्स पर कार्यशाला; 50 महिला आर्किटेक्ट्स ने हिस्सा लिया

संजीवनी टुडे

जयपुर। उपभोक्तावादी संस्कृति, बदलती जीवन शैली और खान-पान से लोग असमय साध्य व असाध्य रोगों के रोगी बन रहे हैं। माइटी मिलेट्स जैसे पौष्टिक आहार के अभाव में मसलन शुगर, बीपी, हार्ट अटैक, कैंसर जैसे रोग तेजी से फैल रहे हैं। मोटे अनाज को अपने पौष्टिक आहार में शामिल कर हम सेहतमंद बन सकते हैं। यह बात आहार विशेषज्ञ और द डिवाइन मिलेट्स पुस्तक की लेखिका रचना गहलोत ने कही। वे बुधवार को बनीपार्क स्थित ओम निवास में हुई डब्ल्यूआईसीसीआई आर्किटेक्चर राजस्थान चैप्टर की स्वस्थ भोजन व पौष्टिक आहार पर केंद्रित भारतीय मिलेट्स यात्रा : माइटी मिलेट्स विषयक एक दिवसीय वार्ता एवं कार्यशाला सत्र में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज में बहुत रेशा होता है। इसमें खनिज मैग्नीशियम, आयरन, कैल्शियम मिलता है। मोटे अनाज से मिलने वाले फाइबर से बहुत से रोगों से बचा जा सकता है। भारत में 10 प्रमुख मिलेट्स उगाए जाते हैं, जिसे आहार में शामिल कर कई रोगों से लड़ने की शक्ति पाई जा सकती है। रचना गहलोत ने बताया कि बाजरा का उपयोग करके पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन बनाया जा सकता है।

इस मौके पर डब्ल्यूआईसीसीआई आर्किटेक्चर राजस्थान चैप्टर की 50 से अधिक महिला आर्किटेक्ट्स सदस्य मौजूद रहीं। महिला आर्किटेक्ट्स सदस्यों के लिए उनके समावेशी विकास के लिए कार्यक्रम, ज्ञान साझाकरण सत्र, फील्ड विजिट जैसे आयोजन समय-समय पर होते रहते हैं। डब्ल्यूआईसीसीआई आर्किटेक्चर राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष आर्किटेक्ट कविता जैन ने कहा यह कार्यक्रम डब्ल्यूआईसीसीआई के वेलनेस प्रयास का एक हिस्सा है। शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला के बाद पोषण पर ध्यान केंद्रित करने वाली यह कार्यशाला अहम है। एक वास्तुकार सावधानीपूर्वक एक खाका तैयार करता है, उसी तरह एक संतुलित आहार जीवन योजना के रूप में कार्य करता है, जो शरीर को पोषण देने और प्रेरणा देने के लिए सोच-समझकर तैयार किया जाता है।

स्वस्थ और रचनात्मक जीवन की नींव प्रदान करता है। कार्यक्रम में खाना पकाने का प्रदर्शन, बाजरा का उपयोग करके व्यंजन बनाने के साथ सवाल-जवाब खास हिस्सा रहे। सत्र में राष्ट्रीय कार्यकारी समिति सदस्य शामिनी शंकर, सलाहकार शालिनी गहलोत, रीना सुराणा, कोर काउंसिल सदस्य मीनू वार्ष्णेय, गीतांजलि कासलीवाल, प्रीति अग्रवाल, रितु खंडेलवाल, सगुना वाधवा, अनिका मित्तल, आस्था थोलिया, अदिति तनेजा आदि ने हिस्सा लिया। आर्किटेक्ट पूजा अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। संस्था उपाध्यक्ष आर्किटेक्ट रेखा नेमानी ने सभी वक्ताओं, संरक्षकों का आभार जताया।

राजस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. विजय परेवा को कार्बन डाइऑक्साइड से उपयोगी ईंधन के निर्माण पर अनुसंधान को लेकर अंतरराष्ट्रीय सम्मान

संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. विजय परेवा को कार्बन डाइऑक्साइड से उपयोगी ईंधन के निर्माण और इसकी उपयोगिता में वृद्धि के लिए "एडवांस्ड मैटेरियल साइंटिस्ट मेडल अवार्ड S2024" से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एडवांस्ड मैटेरियल्स, स्वीडन द्वारा दिया गया है। डॉ. परेवा को यह सम्मान विश्व भर के चुनिंदा वैज्ञानिकों में से एक के रूप में दिया गया है। इसके अलावा इसी महीने उन्हें रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री, लंदन से उत्कृष्ट अनुसंधान हेतु प्रोजेक्ट एवम ग्रांट अनुमोदित की गई और राजस्थान एक्सीलेंस अवार्ड (राजस्थान विश्व विद्यालय) से बेहतरीन अनुसंधान, वैज्ञानिक गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. परेवा के अनुसंधान ने कार्बन डाइऑक्साइड से ईंधन बनाने एवम कार्बन डाई ऑक्साइड की उपयोगिता में वृद्धि का बढ़ावा मिलने का एक प्रभावी मार्ग प्रशस्त होगा ।प्रोफ परेवा के "नेचर "सहित अन्य उत्कृष्ट जनरल में शोधपत्र प्रकाशित है डॉक्टर परेवा कि इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफ़ेसर अल्पना कटेजा ने उन्हें बधाई दी।

श्री पाबूजी राठौड़ गौशाला दाता में श्राद्ध पक्ष की अमावस्या का हुआ दान पूण्य

संजीवनी टुडे

बाड़मेर। श्री पाबूजी राठौड़ गौशाला में श्राद्ध पक्ष अमावस्या के दिन गौवत्सों के सहयोग से लगातार गौ सेवा जारी है बुधवार को बाड़मेर मित्र मंडल के सदस्य संजय बोहरा धनाऊ ने बताया कि दान पुण्य की एक पहल करने पर गांव व शहर के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर गायों के लिए गुड - हरा चारा खिलाया इस अवसर पर गोशाला सचिव सुनील तापड़िया ने बताया कि श्राद्ध पक्ष की अमावस्या के दिन एक पिक अप हराचारा गोशाला में बाड़मेर मित्र मंडल के गौभक्तों ने भेंट की इस ओर अपील कर गौ सेवा सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया सनातन धर्म में गौमाता मे ही सभी देवी देवताओं का वास माना है गौ हितैषिजन से अपील है कि गौ सेवा मे अधिकाधिक जुड़ कर गाय को हरा चारा खिलाकर कर नेक कार्य करे।आज जन गौ सेवकों ने गौ दान को महादान मान कर ही उन्होंने गाय सेवा के लिए हमेशा चारा खिलाने की प्रेरणा ली है ईस अवसर पर महिला मंडल द्वारा गोशाला परिसर में भगवान श्री कृष्ण के भजन कीर्तन किए गए जिसमे महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया वही गीता गोपी मंडल बाड़मेर द्वारा गोमाता के लिए टीन सेड में 21000 रुपय का फ़र्म भेंट किए इस अवसर पर गौभक्त गोशाला अध्यक्ष हेमाराम राइका, मनोहर तापड़िया, कमल किशोर मूंदड़ा, पदमाराम सुथार, सुरेश अग्रवाल, चिराग संखलेचा, राहुल बोथरा, कैलाश तापड़िया, विकास सोनी, चिराग चंडक बसंती तापड़िया, प्यारी मेहता, नीता अग्रवाल, अंजू तापड़िया सहित कई गौभक्त मौजूद रहे गोशाला परिसर से डॉ जसवंतसिंह ने सभी गौभक्तों का आभार जताया।

खबरें फटाफट

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व शास्त्री की जंयती पर कांग्रेस सेवादल ने पुष्प अर्पित कर किया नमन

संजीवनी टुडे

बिजयनगर। मसूदा विधानसभा कांग्रेस सेवादल के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पुर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पर गांधी उद्यान में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेवादल पदाधिकारियों ने नमन किया और उनके बताइए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम मे कांग्रेस सेवादल मसूदा विधानसभाध्यक्ष रामलाल नंगवाडा ,बिजयनगर शहर अध्यक्ष इकबाल हुसैन,उपाध्यक्ष दुलीचंद बैरवा,सुरेंद्र कावड़िया, सम्पत राज बाबेल,विपुल सोमानी,गोपाल सिंह चौहान, शक्ति सिंह राठौड़,महावीर नाबेडा, सद्दीक शाह , दिलीप सिंह, जगदीश शर्मा,पार्षद अमित जोशी,हरीश शर्मा व साबिर हुसैन,याकूब मोहम्मद ,अब्बास अली, हरमीत सिंह टुटेजा,सुरेश नील ,धर्मीचंद जोशी , महावीर पांचाल,मंजूर अहमद,भंवरलाल आरजिया, सोहिल खान ,सागर नायक ,सुभाष अजमेरा, आदिल मोहम्मद, दिनेश टेबडा,हबीब खां , महेंद्र सिंह सोलंकी, याकुब मोहम्मद, लालाराम तेली सहित सेवादल कार्यकर्ता मोजूद रहे।

लिटिल फ्लावर इंग्लिश स्कूल में गांधी जयंती धूमधाम से मनाई

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। बुधवार को लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल में गांधी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व स्कूली बच्चों के द्वारा शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम के मौके पर संस्था निदेशक हेमंत कुमार सैनी, स्कूल स्टाफ गीता सैनी, मुक्ता सैनी, उमाशंकर सैनी, बबीता सैनी, संतोष सैनी, संध्या गुप्ता, सरिता गुप्ता, पूजा शर्मा, मोनिका राजपूत, अनु टेलर, तमन्ना राजपूत सहित बच्चे उपस्थित रहे।

चलती कार बनी आग का गोलाः ड्राइवर ने कार रोककर बचाई जान

संजीवनी टुडे

राजसमंद।राजसमंद में आज चलती कार में अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने कार रोक बाहर निकल अपनी जान बचाई। कुछ समय में ही कार पूरी जल गई। जानकारी के अनुसार कार में आग शॉर्ट सर्किट से लगी। जिले के कुंवारिया थाना सर्कल में सीमाल चौराहे पर आज दोपहर को मारुति वेन में अचानक आग लग गई। कार में आग का धुंआ फैलने पर कार चालक रतन लोहार ने कार को सड़क किनारे रोक कार का गेट खोला और बाहर निकल अपनी जान बचाई। वहीं सड़क किनारे आग की लपटों के बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड कार्यालय पर दी। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और फायर मैन ने आग पर काबू पाया। तब तक कार के टायर सहित कार पूरी तरह जल चुकी थी। सीमाल गांव के मनीष वैष्णव के अनुसार रतन लाल पुत्र प्यार चन्द्र लोहार अपनी मारुति वेन से चौराहे की तरफ जा रहा था कि अचानक मारुति वेन ने आग पकड़ ली। इस दौरान सड़क पर धुंआ ही धुंआ हो गया। गनीमत रही कि चालक रतन लोहार ने कार से बाहर निकल कर अपनी जान बचा ली। इस दौरान मौके पर बालू गुर्जर, रमेश गुर्जर सहित कई राहगीर इकट्ठा हो गए।

12 मार्गो की 66 किमी सड़कों की रिपेयरिंग का काम 3 दिन में शुरू हो जाएगा

संजीवनी टुडे

सलूंबर। बारिश के दौरान बदहाल हुई सलूंबर जिले की कई सड़कों के हाल अगले कुछ ही दिनों में सुधर जाएंगे। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी इन सड़कों को शीघ्र सुधारे जाने के लिए प्रदेश की डिप्टी सीएम दियाकुमारी को पत्र लिखा था। डिप्टी सीएम जो कि प्रदेश की वित्त व पीडब्ल्यूडी की मंत्री भी हैं, उन्होंने सांसद रावत का पत्र मिलने के बाद विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित करते हुए प्रगति रिपोर्ट मांग ली। पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन दीना नाथ सिंह ने बताया कि फिलहाल 12 मार्गो की लगभग 66 किमी सड़कों को सुधारे जाने का काम अगले तीन दिनों में शुरू हो जाएगा। इनमें सराडा से केजड वाया नीमच 1 किमी की सड़क, जयसमंद क्षेत्र की केवडा से नाकोली 5 किलोमीटर , केवडा से बाबरमाल 6 किलोमीटर, पालोदडा से देवपुरा 6 किमी, पाडला से खाकादरा 2.5 किमी, सराडा जावरमाईन्स से पाडला 2.5 किमी, पालोदडा से चांदघाटी अदवास 6.5 किमी, झाडोल से वेजपुर 2.5 किमी, बंडोली से थाना रोड 3 किमी, जावद से जयसमंद 14 किमी, सराड़ी से ढोलकाकर 2 किमी व उबापना से सैपुर 15 किमी तक की सड़क हैं।

आदमखोर लेपर्ड को मारने के लिए हैदराबाद से शूटर बुलाया: जहां महिला का शिकार किया वहां लगाए पिंजरे

ग्रामीणों से अपील-अकेले घर से बाहर नहीं निकले

संजीवनी टुडे

उदयपुर। गोगुंदा में आदमखोर लेपर्ड को मारने के लिए हैदराबाद से शूटर को बुलाया गया है। इसके साथ ही राजस्थान के 12 अन्य शूटर भी लेपर्ड की खोज में जुटे हैं। वन विभाग ने लेपर्ड को देखते ही गोली मारने के निर्देश दिए हैं। गोगुंदा के गांवों में एक के बाद एक हुए आदमखोर लेपर्ड (तेंदुआ) के हमले से पूरा इलाका खौफ में है। पिछले 24 दिनों में 8 लोगों की जान जा चुकी है। तेंदुए ने 1 अक्टूबर को गोगुंदा के केलवों का खेड़ा गांव में घर के बाहर काम कर रही महिला को मार डाला था। इन हमलों के बाद राजस्थान वन्य जीव प्रभाग के प्रधान मुख्य संरक्षक पवन कुमार उपाध्याय की ओर से लेपर्ड को देखते ही गोरी मारने के आदेश जारी किए गए थे। इसके लिए पूरे एरिया में करीब 12 शूटर पहले ही तैनात कर दिए गए थे। बुधवार को हैदराबाद के शूटर नवाब शाफत अली खान गोगुंदा (उदयपुर) आज सुबह 11.30 बजे पहुंचे हैं। उन्होंने राठौड़ों का गुड़ा गांव के स्कूल में सीसीएफ सुनील छिद्री व डीएफओ अजय चित्तौड़ा से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे बाद शूटर टीम के साथ जंगल के लिए निकले। उदयपुर के गोगुंदा में आदमखोर लेपर्ड को मारने के लिए हैदराबाद से शूटर को बुलाया गया है। इसके साथ ही राजस्थान के 12 अन्य शूटर भी लेपर्ड की खोज में जुटे हैं। वन विभाग ने लेपर्ड को देखते ही गोली मारने के निर्देश दिए हैं। डीएफओ अजय चित्तौड़ा और डीएफओ मुकेश सेनी ने केलवों का खेड़ा और 1 किमी दूर राठौड़ों का गुड़ा में ग्रामीणों की बैठक ली थी। डीएफओ ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा- वे सर्च ऑपरेशन पूरा होने तक घरों में रहें। अकेले बाहर नहीं निकलें। बच्चे और महिलाएं ग्रुप में ही बाहर निकलें। खेतों में अकेले काम करने और अकेले जंगलों में मवेशी चराने के लिए नहीं जाएं। बड़गांव थाना क्षेत्र के राठौड़ों का गुड़ा गांव में 30 सितंबर को लेपर्ड ने पुजारी को मार डाला था। उस घटनास्थल के पास उदयपुर के सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क से मादा लेपर्ड को लाया गया है। यहां जंगल के अंदर पिंजरे में मादा लेपर्ड को रखा गया है। वन विभाग का मानना है कि इस क्षेत्र में जैसे ही लेपर्ड पिंजरे में कैद मादा लेपर्ड के नजदीक आएगा तो उसको घेर लिया जाएगा। 1 अक्टूबर की सुबह 8 बजे केलवों का खेड़ा गांव में तेंदुए ने हमला किया था। यहां कमला कुंवर (55) अपने घर के आंगन में काम कर रही थी। लेपर्ड ने हमला कर दिया था। कमला की चीख-पुकार सुनकर परिवार के दूसरे लोग बाहर भागे तो लेपर्ड उसके शव को छोड़कर भाग गया। लेपडे महिला को घर से 100 मीटर तक घसीटकर ले गया था। महिला का घर पहाड़ी पर है। उसके आसपास कोई घर नहीं है। घर के पीछे पशुओं का बाड़ा है। उसमें महिला काम रही थी। तभी लेपर्ड ने हमला कर दिया। परिवार ने बताया कि महिला की गर्दन लेपर्ड के जबड़ों में थी। गले में गहरा घाव होने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। ऐसे में दो पिंजरें महिला के घर के आस-पास लगाए गए हैं। घर के आस-पास करीब 200 मीटर एरिया को सीज कर वहां किसी के भी आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। घर के पास में दो शूटर तैनात किए गए हैं। वन विभाग का ऐसा अनुमान है कि लेपर्ड महिला का शिकार करने के बाद बुधवार (आज) दोबारा यहां आ सकता है। 10 टीमों में 90 से ज्यादा मेंबर हैं। ये लोग सर्च ऑपरेशन में जुटे हैं। इनमें वन विभाग के कर्मचारी, पुलिस, सेना के जवान और कुछ ग्रामीण शामिल हैं। पुलिस की टीम भी हथियारों के साथ तैनात है। वहीं ग्रामीण लाठी और अन्य औजार लेकर टीम के साथ में सर्च के लिए सहयोग कर रहे हैं। प्रत्येक टीम में एक से दो शूटर हैं। इसके अलावा 7 रेंजर सहित स्थानीय कर्मचारियों को भी लगाया गया है। उदयपुर शहर के अंबामाता थानाधिकारी डॉ हनुवंत सिंह राजपुरोहित, सुखेर थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत, गोगुंदा थानाधिकारी शैतानसिंह भी वन विभाग की टीम के साथ इस ऑपरेशन में शामिल हैं।

भूपालसागर पुलिस की कार्यवाही, एक किलो 24 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

भूपालसागर। भूपालसागर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति के कब्जे से एक किलो 24 ग्राम अवैध अफीम जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थो की धरपकड कर तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु समस्त थानाधिकारीयों को विशेष दिशा निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबत सिंह एवं कपासन डीवाईएसपी अनिल सारण के सुपरविजन में थानाधिकारी भुपालसागर तुलसीराम आचार्य हैडकानिस्टेबल किशन सिंह, पुष्पेन्द्रसिंह, कांस्टेबल बाबूलाल, रामचन्द्र जिला विशेष टीम की सूचना पर अनोपपुरा, सोमटियां खेडा से रोजगरिया जाने वाले कच्चे रास्ते पर जा रहे थे, कि रूखालिया बावजी के पास, मोड पर एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में मिले व्यक्ति की तलाशी में 01 किलो 24 ग्राम अवैध अफीम व दो एण्ड्रोईड मोबाईल मिले। अवैध अफीम को जब्त कर आरोपी राजसमन्द जिले के ओडा थाना रेलमगरा निवासी 46 वर्षीय गौरू पुत्र गब्बा बंजारा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी गौरू बंजारा को गिरफ्तार कर दोनो आरोपियों के खिलाफ़ थाना भोपाल सागर पर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में गौरू बंजारा ने बताया कि वह उसके अन्य साथी लालू पिता मांगु बंजारा निवासी तेजपुरा थाना कांकरोली जिला राजसमन्द के साथ अफीम लेकर सेजगरिया से घर पर जा रहे थे कि मोड पर अचानक कंकर आ जाने से मोटरसाईकिल अनियन्त्रित होकर गिर गये। चालक लालू बंजारा के चोट लगने से ईलाज कराने चला गया।

उदयपुर रेलवे स्टेशन उड़ाने की धमकी के बाद अलर्ट: स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों की तलाशी

संजीवनी टुडे

संदिग्ध लोगों से पूछताछ

उदयपुर। उदयपुर, जयपुर, बीकानेर, जोधपुर सहित राजस्थान के 8 रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद उदयपुर के सिटी रेलवे स्टेशन पर पुलिस अलर्ट मोड पर हो गई है। पुलिस ने सुबह करीब 11 बजे रेलवे स्टेशन खंगाला और वहां पर संदिग्ध लगा वहां तलाशी ली लेकिन ऐसा कुछ नहीं मिला।

हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर मिले लेटर में राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों को उड़ाने की धमकी के बाद पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देश के बाद पुलिस की टीमें सिटी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। यहां स्टेशन पर पुलिस के जवानों ने स्टेशन के अंदर और वहां से आने-जाने वाले यात्रियों पर निगरानी रखते हुए संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की लेकिन यहां ऐसा कुछ नहीं मिला। डॉग स्क्वायड के साथ टीम ने पूरे स्टेशन पर राउंड किए। उदयपुर शहर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने बताया कि इस मामले में हमने निगरानी बढ़ा दी है और साथ ही अलर्ट रहने को कहा है। इधर, रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया- 1 अक्टूबर की शाम हनुमानगढ़ के सुपरिटेंडेंट को एक लेटर मिला है। लेटर में जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बूंदी, अलवर, उदयपुर के सिटी स्टेशन को उड़ाने की धमकी मिली है। इस तरह की जानकारी सामने आने के बाद ही सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया था।

यात्रियों से भरी रोडवेज बस को ट्रक ने मारी टक्करः डूंगरपुर से उदयपुर जा रहे यात्री सहमे, हाईवे पर लगा जाम

संजीवनी टुडे

उदयपुर। खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार को यात्रियों से भरी रोडवेज बस को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन टक्कर लगते ही बस में बैठे यात्री सहम गए। बस के पीछे की बॉडी और ट्रक के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी अनुसार करीब 35 यात्रियों से भरी एक रोडवेज बस डूंगरपुर से उदयपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान खेरवाड़ा रोडवेज बस स्टैंड के सामने से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-48 पर सवारियों को लेने के लिए जब रोडवेज बस रुकी। तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने रोडवेज बस को टक्कर मार दी। इस दौरान ट्रक और रोडवेज बस दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि इस दौरान यात्रियों को चोटे नहीं आई। घटना के बाद आस-पास लोगों की भीड जमा हो गई। दोनों वाहनों के कई देर रोड पर खड़े होने से हाइवे पर जाम की स्थिति बन गई। वहीं सूचना पर खेरवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को साइड करवाकर ट्रेफिक व्यवस्था बहाल करवाई। बता दें, रोडवेज बस स्टैंड के बाहर नेशनल हाइवे के आसपास निजी वाहनों का भारी जमावड़ा लगा रहता है। वाहनों को आवाजाही में दिक्कत होती है, जिससे भी कई बार ऐसे हादसे हो रहे है।

मारपीट में घायल युवक की मौत के बाद प्रदर्शन: समाज के लोग बोले- अवैध निर्माण तोड़ें, 4 करोड़ का मुआवजा मांगा

संजीवनी टुडे

राजसमंद । मारपीट में घायल युवक के हॉस्पिटल में दम तोड़ने के बाद आज गुस्साए ग्रामीणों ने पीपरड़ा चुंगी नाका पर सर्विस लाईन के पास जमकर प्रदर्शन किया। माहौल गर्माता देख पुलिस के आला अधिकारी पीपरड़ा चुंगी नाका पहुंचे जहां लोगों को समझाया। उसके बाद ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचे। जानकारी के अनुसार एक होटल में जानलेवा हमले से गंभीर घायल युवक की अनन्ता हॉस्पीटल में मौत के बाद माहौल गरमा गया। अहीर समाज के आक्रोशित लोग राजसमंद शहर के पास पीपरड़ा चुंगी नाके पर एकत्रित हो गए और कुंवारिया थाना पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठ गए। पीड़ित परिवार को चार करोड़ के मुआवजे, थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों को निलंबित करने, आरोपियों के अवैध निर्माण तोड़ने व आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने सहित आधा दर्जन मांगों को लेकर लोग जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी से मिले।

जिला परिषद सदस्य लेहरूलाल अहीर ने बताया कि भीलवाड़ा हाइवे के फोर लेन किनारे टपरिया खेड़ी में होटल पर 25 सितंबर रात करीब आठ बजे आधा दर्जन से ज्यादा आरोपी लठ व धारदार हथियार लेकर आए और होटल संचालक माताजी का खेड़ा, जूणदा निवासी नारायण लाल पुत्र किशन लाल अहीर पर हमला करने से गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद घायल को टोल की एम्बुलेंस से तत्काल आरके हॉस्पीटल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अनन्ता हॉस्पीटल रेफर कर दिया जहां उसका उपचार चल रहा था। जानलेवा हमले के वक्त बीच-बचाव में होटल साझेदार माताजी का खेड़ा, जूणदा निवासी छगनदास पुत्र मथुरादास वैष्णव भी घायल हो गया। छगनदास ने कुंवारिया थाने में टपरिया खेड़ी, किशनपुरिया निवासी भूपेंद्र सिंह पुत्र अर्जुनसिंह, रतन गाडरी सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दी। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर अहीर समाज ने कुंवारिया थाने पहुंचकर थाना प्रभारी सोनाली शर्मा को ज्ञापन दिया और तत्काल आरोपियों के गिरफ्तार करने की मांग उठाई। फिर भी कार्रवाई नहीं होने पर अहीर समाज 1 अक्टूबर को राजसमंद पहुंचा और पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी को ज्ञापन सौंप कर कुंवारिया थाना पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए। इस पर एसपी ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। इस बीच बीती रात गंभीर घायल नारायण अहीर की अनन्ता हॉस्पीटल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस पर अहीर समाज के लोग अनन्ता हॉस्पीटल के लिए रवाना होने लगे, तभी कुंवारिया पुलिस की कस्टडी में अनन्ता हॉस्पीटल से शव को लेकर पहुंच गए। थाना प्रभारी पर जबरन शव अस्पताल से ले जाने का आरोप लगाते हुए सभी लोग आक्रोशित हो गए। हालात बिगड़ते देख राजसमंद पुलिस उप अधीक्षक विवेक सिंह राव घटना स्थल पहुंच गए। बाद में राजनगर थाना प्रभारी योगेश चौहान व कांकरोली थाना प्रभारी हनवंत सिंह सोढा के साथ पुलिस लाइन से अतिरिक्त जाब्ता तैनात कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने समझाया, लेकिन समाज के लोग एसपी मनीष त्रिपाठी से वार्ता पर अड़ गए। इस पर विभिन्न मांगों को लेकर समाज का प्रतिनिधिमंडल जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा, जहां एसपी से वार्ता जारी है।

''साईबर प्रहरी प्रशिक्षण'' अभियान के तहत साईबर और सोशल मीडिया काईम के सम्बंध में 70 पुलिस कार्मिकों को किया गया प्रशिक्षित

संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। पुलिस मुख्यालय एवं श्रीमान उप महानिरीक्षक पुलिस एवं निदेशक, इन्टेलीजेन्स ट्रेनिंग अकादमी जयपुर के पत्रांक की पालना में श्री सुधीर जोशी जिला पुलिस अधीक्षक चितौडगढ के निर्देशन में जिले में साईबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए ''साईबर प्रहरी प्रशिक्षण'' अभियान के तहत थानों में साईबर एवं सोशल मीडिया से सबंधित कार्य करने वाले कार्मिकों एवं अनुसंधान अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय स्तर पर दिनांक 01.10.2024 एवं 02.10.2024 को 02 दिवसीय प्रशिक्षण रिजर्व पुलिस लाईन में आयोजित किया गया। इस 02 दिवसीय कार्यक्रम में जिला चितौडगढ के 70 पुलिस कार्मिकों को साईबर अपराधों की पहचान, जांच एवं उसकी रोकथाम तथा अपराधियों को ट्रेस आउट करने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर बारीकी से प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान सोशल मीडिया प्लेटफार्मो जैसे ड्डधफ्ड्डफ्थ्द्ध, ट्विबप्द्ध (ड्ड), क्ष्दद्दथ्धद्म, ऋद्धपथ्द्दन्थ्द्ध, ड्द्धथप्पइध्ध आदि पर हो रहे अपराधों की पहचान, जांच और निवारण, साथ ही मोबाइल फोरेंसिक, एक्ट/ऋक्ट विश्लेषण, क्रिप्टोकरेंसी और ब्लैकचेन अपराधों की जांच, और ईमेल फॉड की जांच के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी द्वारा पुलिस कार्मिकों को सम्बोधित कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान दिये। उक्त प्रशिक्षण श्री दीपक भार्गव उप महानिरीक्षक पुलिस एवं निदेशक इंटेलिजेंस प्रशिक्षण अकादमी एवं श्री राजेश मीणा महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देशन में अकादमी के प्रशिक्षक रमेश शर्मा, प्रभारी आईटी सैल, आईटीए जयपुर (नोडल अधिकारी) एवं साईबर एक्सपर्ट- पुलिस प्रशिक्षक अक्षय उपाध्याय और लक्ष्य शर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण के सफल संचालन का कार्य राजकुमार, प्रभारी साइबर सैल, चितौडगढ द्वारा किया गया।

तालाब की भूमि पर बन रहे आलीशान होटल, भू-माफिया का कब्जा, रेकॉर्ड से गायब हुआ तालाब

संजीवनी टुडे

उदयपुर। कैलाशपुरी स्थित ऐतिहासिक व पुरा महत्व का बाघेला तालाब सरकारी रेकॉर्ड से गायब ही हो गया। तालाब का क्षेत्रफल और भराव क्षमता किसी भी विभाग के पास नहीं है। इसी का फायदा उठाकर कई भू-माफिया तालाब पेटे में ही उतर गए और खातेदारी जमीन की आड़ में होटल और विला तक खड़े कर दिए। बड़ी बात ये कि अधिकारियों ने भी आंख मूंदकर तालाब पेटे में नियम विरुद्ध स्वीकृतियां तक जारी कर दी। प्राचीन तालाब का क्षेत्रफल पूर्व में काफी आगे तक था, लेकिन पर्यटन की आड़ में यहां पर भूमाफियाओं की ऐसी नजर पड़ी कि धीरे-धीरे इसके पेटे पर हक जमाने लगे। पेटे में भराव डालते हुए पेटे को काफी ऊंचा कर दिया। धीरे-धीरे निर्माण कार्य करते हुए होटल और विला खड़े कर दिए। होटल-विला तक जाना का रास्ता आम सड़क से रखा, लेकिन निर्माण कार्य तालाब पेटे में किया गया। रियासत काल की सम्पत्ति होने की वजह से यह जल संसाधन विभाग के कार्य क्षेत्र में नहीं आया, वहीं पूर्व में किस विभाग के पास रहा इसकी जानकारी भी किसी को नहीं। पंचायत के पास भी इस तालाब का आधा अधूरा रेकॉर्ड है।

कैचमेंट भी कर दिया प्रभावित

तालाब में आसपास की पहाड़ियों का पानी पहुंचता है, जिससे सालभर पानी भरा रहता है। इसको भरने वाले आसपास के कैचमेंट को भी भूमाफिया इतना प्रभावित कर चुके हैं कि यहां पानी की आवक काफी कम हुई है।

विभाग में रेकॉर्ड नहीं

कोर्ट के आदेश पर जल संसाधन विभाग से रेकॉर्ड मांगा था, लेकिन रेकॉर्ड नहीं बताया। राजस्व विभाग ने भी रेकॉर्ड नहीं दिया।

नारायणलाल, सरपंच

हस्तांतरित नहीं किया

तालाब कभी जल संसाधन तालाब कभी जल संसाधन हुआ। ऐसे में रेकॉर्ड में तालाब से संबंधित डेटा उपलब्ध नहीं है।

निर्मल मेघवाल, एइएन

विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू बेघर समाज के लोगों को दिये पट्टे

संजीवनी टुडे

पट्टे पाकर चेहरे खिले मुख्यमंत्री, सरकार का जताया आभार

पाली। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार 2 अक्टूबर को जयपुर से दुर्गापुरा, टोंक रोड स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान मे आयोजित राज्य स्तरीय समारोह मे विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू परिवारों को आवासीय पट्टा वितरण का शुभारंभ किया और समारोह को मुख्यमंत्री ने सम्बोधित करते हुये कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के हितो को घ्यान में रखा जाये और उनको लाभान्वित किया जाये । जयपुर में आयोजित कार्यक्रम मे शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर राज्यमंत्री ओटाराम देवासी भी मौजूद रहे। पट्टा वितरण कार्यक्रम एक साथ राज्य एवं जिला स्तर पर आयोजित हुआ। राज्य स्तरीय समारोह को पाली में जिला परिषद में लाईव दिखाया गया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह , जिला कलक्टर एलएन मंत्री , जिला प्रमुख रश्मि सिंह , ने पांच पटटे सांकेतिक व 200 लोगो को जिला परिषद में आयोजित कार्यक्रम में पट्टे जारी किये गये । कार्यक्रम में पट्टे पाकर इन समाज के परिवारों के चेहरे खिल गये और इन्होंने सरकार का आभार जताया । इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पाली जिले के रानी के लाभार्थी हुक्माराम से संवाद किया और उनसे पूछा कि कैसे लग रहा है और आपके आस पास किन 2 को पट्टा मिला तो उन्होंने बताया कि उनके यहां से दो व पूरे जिले में 11 सो लोगों को पट्टा मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अन्य जिलों के लाभार्थियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संवाद भी किया । इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ , मुकेश चौधरी , पाली पंचायत समिति प्रधान , मोहिनी देवी , अतिरिक्त कलक्टर , डॉ बजरंग सिह , भवानी सिंह , यूआईटी सचिव ,डॉ पूजा सक्सेना , आदि सम्बधित अधिकारी कार्मिक दुर्गादास व्यास ,बोहराराम बोराणा, धन्नाराम ,धनराज मेवचा, सोहनराम बोराणा गणमान्यजन , व लाभार्थी मौजूद रहे।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

पर्यावरण प्रदूषण के भयावह दुष्परिणाम

इन दिनों भीषण गर्मी समस्त भारत में कहर बरपा रही है। मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ों में भी तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि के रिकॉर्ड टूट रहे हैं। लू और गर्मी की प्रचण्डता का आलम यह है कि जहां हिमाचल, उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्यों में मौसम विभाग द्वारा यैलोअलर्ट जारी किया गया है, वहीं हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र इत्यादि राज्यों में तो रेडअलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान 50 डिग्री के करीब जा पहुंचा और वहां भीषण गर्मी का 75 साल का रिकॉर्ड टूट गया, वहीं चुरू में तापमान 50 डिग्री को भी पार कर गया। लू के थपेड़ों और गर्मी की प्रचण्डता के चलते विभिन्न राज्यों में कई दर्जन लोगों की मौत हो चुकी हैं। एक ओर जहां देशभर में चारों तरफ गर्मी अपना कहर बरपा रही है, वहीं कुछ ही दिनों पहले के मौसम के मिजाज की बात करें तो रोहतांग, लाहौलस्पीति, शिमला, मनाली जैसे ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश तथा बर्फबारी के चलते उत्पन्न हुई शीतलहर के साथ-साथ दिल्ली सहित आसपास के इलाकों में हुई ओलावृष्टि ने हर किसी को हतप्रभ कर दिया था। निसंदेह यह सब प्रकृति के बिगड़ते मिजाज और बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के ही भयावह दुष्परिणाम हैं, जिसका खामियाजा हमें बार-बार जान-माल के भारी नुकसान के रूप में चुकाना पड़ रहा है। देश के कई बड़े शहर इस समय पर्यावरण प्रदूषण के चलते कितनी बुरी तरह हांफ रहे है, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है। पिछले कुछ समय में पर्यावरण संबंधी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की अनेक रिपोर्टों में स्पष्ट हो चुका है कि भारत के कई बड़े शहरों में प्रदूषण विकराल रूप धारण कर चुका है और देश की राजधानी दिल्ली तो दुनिया के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में शुमार है। वायु प्रदूषण की दिनों-दिन विकराल होती यही स्थिति हालात को दिन-ब-दिन बद से बदतर बनाने के लिए जिम्मेदार है। चंद माह पहले ही दिल्ली में प्रदूषण की जो भयावह तस्वीर देखी गई थी, वो रोंगटे खड़े कर देने वाली थी, जब यहां की हवा 14 गुना जहरीली दर्ज की गई थी। समय-समय पर दिल्ली तथा आसपास के इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर सारी सीमाएं लांघता नजर आता है। पीएम-10 तथा पीएम-2.5 का स्तर भी कई गुना बढ़ जाता है। कड़ाके की ठंड हो या भीषण गर्मी, प्रदूषण का स्तर अब हर समय खतरनाक स्तर पर ही देखा जाता है।

तय मानकों के अनुसार पीएम-10 तथा पीएम-2.5 की मात्रा वातावरण में क्रमशः 100 व 60माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए लेकिन इनका स्तर वातावरण में सदैव कई गुना ज्यादा बना रहता है, जिन्हें नियंत्रित करने के अभी तक के तमाम प्रयास नाकाफी ही साबित हुए हैं। वायु में पीएम-2.5 और पीएम-10 का स्तर बढ़ जाने से यह प्रदूषित वायु फ़ेफड़ों के अलावा त्वचा तथा आंखों को भी बहुत नुकसान पहुंचाती है। प्रदूषित हवा के चलते दिल्ली की हालत तो अक्सर गैस चैंबर सरीखी होती रही है, जहां एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। हर साल दिल्ली में करीब पांच हजार लोग वायु प्रदूषण के कारण दम तोड़ देते हैं। मेडिकलजर्नल 'द लांसेट' की एक रिपोर्ट के मुताबिक तो भारत में वायु प्रदूषण के चलते प्रतिवर्ष दस लाख से ज्यादा लोग मौत के मुंह में समा जाते हैं। कार्बन उत्सर्जन के मामले में दिल्ली दुनिया के 30 शीर्ष शहरों में शामिल है। पहाड़नुमा कूड़े के ढ़ेरों से निकलती जहरीली गैसें, औद्योगिक इकाईयों से निकलते जहरीले धुएं के अलावा सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या कार्बन उत्सर्जन का बड़ा कारण है और कहा जाता रहा है कि अगर दिल्ली जैसे अत्यधिक प्रदूषित शहर में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण पाना है तो लोगों को निजी वाहनों का प्रयोग कम कर सार्वजनिक परिवहन को अपनाना चाहिए और साथ ही दिल्ली में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर हरियाली बढ़ानी होगी लेकिन इन दिनों दिल्ली में हो क्या रहा है? कैग की एक रिपोर्ट पर नजर डालें तो दिल्ली पहले से ही करीब नौ लाख पेड़ों की कमी से जूझ रही है और दूसरी तरफ शहरीकरण की कीमत पर सरकारी आदेशों पर साल दर साल हजारों हरे-भरे विशालकाय वृक्षों का सफाया किया जा रहा है। पिछले 5-6 वर्षों के दौरान दिल्ली में नए आवासीय परिसर, भूमिगत पार्किंग, व्यापारिक केन्द्र खोलने और मार्गों को चौड़ा करने के लिए करीब बावन हजार छायादार वृक्षों का अस्तित्व मिटाया जा चुका है और इन्हीं पांच वर्षों के प्रदूषण के आंकड़ों का विश्लेषण किया जाए तो पता चलता है कि इस दौरान हरियाली घटने से दिल्ली में वायु प्रदूषण करीब चार सौ फीसदी बढ़ा है। कैग की रिपोर्ट के अनुसार 2015-17 के बीच दिल्ली में 13018 वृक्ष काटे गए थे और उसके बदले 65090 पौधे लगाए जाने थे किन्तु लगाए गए मात्र 21048 पौधे और इनमें भी बहुत सारे सजावटी पौधे लगाकर खानापूर्ति कर दी गई। पेड़ों को काटने के बदले जो पौधे लगाए जाते हैं, उनमें से महज दस फीसदी ही बचे रह पाते हैं और ये छोटे-छोटे पौधे प्रदूषण से निपटने तथा वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में मददगार साबित नहीं होते। मौसम चक्र तेजी से बदल रहा है, जलवायु संकट गहरा रहा है और इन पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने का एक ही उपाय है वृक्षों की अधिकता। वायु प्रदूषण हो या जल प्रदूषण अथवा भू-क्षरण, इन समस्याओं से केवल ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर ही निपटा जा सकता है।

आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

नये भारत के निर्माता थे सरदार पटेल



विचार बिन्दु

सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया।

रमेश सर्राफ धमोरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निर्माता थे।

देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा। सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए छः सौ छोटी- बड़ी रियासतों का भारत में विलय कराया। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। जिस अदम्य उत्साह, असीम शक्ति से उन्होंने एकीकृत देश की प्रारम्भिक कठिनाइयों का समाधान किया। भारत की स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था। स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी।

जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी। लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा। जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया। सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं।

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चैथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की। गृहमंत्री के रूप में वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आई.सी.एस.) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आई.ए.एस.) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवतरू नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता।

सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया। अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते। सरदार पटेल का निधन 15 दिसम्बर 1950 को मुम्बई में हुआ था।

ईद के दिन यह काम करेंगे तो अल्लाह आपको खूब बरकत देंगे

मीठी ईद बड़े ही मीठे अंदाज में मनाई जाती है। सेवइयां से लेकर अनेक प्रकार की मिठाई मीठी ईद को काफी खुशहाल बनाती है। इस ईद पर बस एक छोटा सा काम करें जिससे अल्लाह आपसे बेहद खुश होंगे। वर्ष 2019 में ईद 4-5 जून को मनाई जाएगी। देश भर में मुसलमान बंधु रमजान के पवित्र माह में रोज़े रख कर अल्लाह की इबादत में जुटे हुए हैं। 30 रोजों के बाद चांद देखकर ईद मनाई जाएगी। ईद को ईद-उल-फित्र या ईद-उल-फितर भी कहा जाता है। ईद का पवित्र त्योहार भाईचारे और प्रेम को बढ़ावा देने वाला विशेष त्यौहार तथा पर्व है। ईद का त्योहार दो तरह का होता है एक मीठी ईद व दूसरी चरखी ईद। लेकिन विशेष महत्व मीठी ईद का माना गया है। ईद को सभी आपस में मिलकर भाईचारे से मनाते हैं एवं सुख-शांति व बरक्कत बनी रहने की खुदा से दुआ करते हैं। मीठी ईद बड़े ही मीठे अंदाज में मनाई जाती है। सेवइयां से लेकर अनेक प्रकार की मिठाई मीठी ईद को काफी खुशहाल बनाती है। इस ईद पर बस एक छोटा सा काम करें जिससे अल्लाह आपसे बेहद खुश होंगे। मुस्लिम कैलेंडर के पवित्र माह रमजान में पूरे महीने रोजे रखने की शक्ति अल्लाह प्रदान करते हैं। रोजे खत्म होने की खुशी में ईद के दिन अनेक तरह की मिठाईयां एवं पकवान बनाए जाते हैं। सुबह नए-नए परिधान में ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा कर खुदा का शुक्र अदा किया जाता है। इस ईद आप एक ऐसा कार्य करें जिससे अल्लाह आपसे बेहुद खुश होंगे। अल्लाह का कहना है कि रमजान माह में दूसरे के होठों पर खुशी लाना ही अल्लाह की सच्ची ईबादत है। इसलिए इस ईद आपके पास जितनी भी पूंजी या कमाई हुई राशि है तो उसमें से कुछ प्रतिशत राशि को गरीबों में दान करें या उनमें से कुछ पैसों से गरीबों के लिए जरूरी सामान जैसे कपड़े, जूते-चप्पल आदि खरीदकर गरीबों या बेसहायों में बांट दें। इस कार्य से अल्लाह खुश होकर आपकी पूंजी, धंधा और कमाई में दोनों हाथ भरकर बरकरत देंगे। इस ईद अल्लाह को खुश करने के लिए यह काम करना बिल्कुल ना भूलें। अल्लाह ने हर सम्पन्न मुसलमान पर जकाता और फितरा देना फर्ज कर दिया है। हर मुसलमान अल्लाह के पैगाम पर अडिग रहता है। अल्लाह से शक्ति पाने हेतु सच्चा मुसलमान दिन में 5 वक्त नमाज अदा करता है साथ ही कई नियम भी रखता है। बहुत कम लोग जानते होंगे कि ईद क्यों मनाई जाती है। आज हम आपको बताते हैं कि ईद क्यों मनाते हैं। दरअसल 624 इस्वीं में पहली बार ईद मनाई गई थी। जब पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब ने बद्र के युद्ध में वियज हासिल की थी। उसी की खुशी में ईद का यह त्योहार हर वर्ष मुसलमान मनाता है। ईद पर रोजादार बड़ी ही उत्सुकता के साथ शाम के ईद के चांद का दीदार करते हैं और चांद देखने के बाद अल्लाह का शुक्र गुजार करते हैं। ईद के दिन हर मुसलमान अपनी हैसियत के मुताबिक गरीबों को दान देते हैं। ईद के दिन अल्लाह की रहमत होती है। सुबह सभी मुसलमान ईदगाह पर नमाज पढ़ते हैं। जिसके बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद मुबारक कहते हैं। मुसलमान ईद पर नमाज अदा करने के साथ ही प्रेम और भाईचारे की दुआ करते हैं। भारत के बड़े शहरों में ईद का पर्व सामूहिक रूप से मनाया जाता है। सभी एक साथ मिलकर खाना खाते हैं। अमूमन हर जगह हिन्दु भाई भी ईद के दिन मुसलमानों को ईद की बधाई देने के लिए उनके घर पहुंचते हैं।

आज का इतिहास

03 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1611	गुस्टॉफ द्वितीय एडोल्फ 17 साल की उम्र में स्वीडन का राजा बना।
1922	बेनिटो मुसोलिनी ने इटली में सरकार बनाई।
1930	तुर्की तथा यूनान ने मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किये।
1945	भारत संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1956	भारत का पहला पांच सितारा होटल 'अशोक' खुला।
1960	ब्रिटेन में पहली बार सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट की गई।
1963	अफ्रीकी देश मोरक्को तथा अल्जीरिया ने युद्ध विराम संधि पर हस्ताक्षर किए।
1975	स्पेन में किंग जुआन कारलोस ने सत्ता संभाली।
1980	मध्य अमेरिकी देशों होंडुरस तथा अल सल्वाडोर ने सीमा विवाद हल किया।
1994	बाल्कन देश मेसिडोनिया के संसदीय चुनाव में वामपंथी गठबंधन की जीत।
2001	लादेन के सम्पर्क में रहने के आरोपी 3 परमाणु वैज्ञानिकों को पाकिस्तान ने अमेरिका को सौंपा।
2003	ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस चार्ल्स का भारत दौरा प्रारम्भ। अमेरिकी विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने पाकिस्तान को भारत के साथ शांति वार्ता करने को कहा। पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने लोकतंत्र की बहाली के लिए अपनी कटिबद्धता घोषित की।

नई ऊँचाईयों को छूता कृषि उत्पादों का निर्यात

विचार बिन्दु

प्रहलाद सबनानी

परंतु, अब स्थिति बदल गई है। चीनी के निर्यात के सम्बंध में भी केंद्र सरकार द्वारा सही समय पर सही निर्णय लिए गए इसके चलते अच्छी दरों पर चीनी का निर्यात किया जा सका।

भारत से कृषि उत्पादों के निर्यात को लेकर लगातार चिंताएं जताईं जाती रही हैं। परंतु, हाल ही के समय में केंद्र सरकार द्वारा लिए गए कई निर्णयों के चलते कृषि उत्पादों का निर्यात बहुत तेज़ी से वृद्धि दर्ज करता देखा जा रहा है। अप्रेल-सितम्बर 2019 के बीच 6 माह के दौरान भारत से कृषि उत्पादों का निर्यात 37397 करोड़ रुपए का रहा था जो अप्रेल-सितम्बर 2020 के बीच 6 माह के दौरान, 43.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए, बढ़कर 53626 करोड़ रुपए का हो गया है। वृद्धि दर में यह एक लम्बी छलाँग है। कृषि उत्पादों के निर्यात में विशेष रूप से शामिल रहे उत्पादों में मूँगफली में क़रीब 35 प्रतिशत, चीनी में 104 प्रतिशत, गेहूँ में 206 प्रतिशत की बृद्धि दर्ज की गई है और बासमती और ग़ैर बासमती चावल का भी निर्यात में बड़ा हिस्सा रहा है। कोरोना महामारी संकट जब पूरे विश्व को अपनी चपेट में ले रहा था तब कई देशों ने भारत की तरफ़ इस उम्मीद से देखा कि उम्दा गुणवत्ता से परिपूर्ण कृषि उत्पाद वाजिब दामों पर उपलब्ध हो सकते हैं। भारत ऐसे समय में एक वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरकर सामने आया है। इस काल में देश के वाणिज्य मंत्रालय ने पूरे विश्व के 160 देशों में स्थित भारतीय दूतावासों से सम्पर्क किया। खाद्य सामग्री की आपूर्ति के पीछे जो दृढ़ता दिखाई दे रही है उसके पीछे योजनाबद्ध तरीक़े से कार्य किया गया है। कृषि मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, राज्य सरकारों आदि का इसमें विशेष योगदान रहा है। निर्यातकों एवं कृषकों की आपस में चर्चा कराई गई। इसके साथ ही, उद्योग संघो एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल, स्पाईसेज़ बोर्ड, प्लांटेशन बोर्ड, आदि से भी चर्चा की गई और ये सुनिश्चित किया गया कि सप्लाई चैन में किसी भी प्रकार की समस्या खड़ी नहीं हो। पहिले उन 12 देशों को चिन्हित किया गया जहां भारत के उत्पादों की अच्छी मांग रही है। इन देशों में बासमती चावल, ग़ैर बासमती चावल, चीनी, ओरगनिक उत्पादों, हेल्थ फ़ूड, मसाले, आदि उत्पादों को निर्यात करने का संकल्प लिया गया और इस प्रकार पिछले 6 महीनों के दौरान कृषि उत्पादों के निर्यात में लगातार वृद्धि नज़र आ रही है। कुल मिलाकर इस सबके पीछे एक समन्वित प्रयास था। इस प्रकार, भारत इस बार दुनिया को यह बताने में सक्षम रहा है कि बग़ैर किसी प्रकार की परेशानी के वैश्विक सप्लाई चैन को पकड़ते हुए भारत विश्व के अन्य देशों को उम्दा गुणवत्ता के कृषि उत्पाद बहुत ही उचित मूल्य पर सप्लाई कर सकता है। यह पहली बार हुआ है कि पूरे विश्व में केवल 6 महीनों के दौरान भारत यह विश्वास जगाने में सफल रहा है। भारत में दिसम्बर 2018 में नई कृषि निर्यात नीति पर मुहर लगाई गई थी। उस समय गुणवत्ता पूर्ण कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से उत्पादित करने की बात की गई थी। कृषि निर्यात नीति को लागू करने में एपेडा (इघ्क्क्ह), वाणिज्य मंत्रालय, कृषि मंत्रालय, राज्य सरकारों, ज़िला स्तर पर प्रशासन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ज़िला स्तर पर कृषक उत्पादक संघ बनाए गए हैं एवं उत्पादों के अनुसार क्लस्टर बनाए गए हैं। यातायात सुविधाओं सहित आधारभूत सुविधाएं विकसित की गई हैं। पूर्व में, देश से केवल दो या तीन उत्पादों के निर्यात ही अच्छी मात्रा में होते थे लेकिन अब 17 उत्पादों का निर्यात भारी मात्रा में किया जा रहा है और इनमें लगातार वृद्धि भी देखने में आ रही है। दरअसल देश से कृषि उत्पादों के निर्यात की नीव 5/6 साल पहिले ही रखी जा चुकी थी। आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाती रहीं। बंदरगाहों की धारण क्षमता, उत्पादकता, कार्यक्षमता आदि में बहुत सुधार हुआ है। जो इलाक़े बंदरगाहों से बहुत दूर स्थित हैं, वहां से उत्पादों की आवाजाही को आसान बनाया गया है। उद्योग जगत ने भी कृषि उत्पादों को प्रॉसेस करने के लिये काफ़ी निवेश किया है। प्रॉसेसिंग इकाईयों एवं राइस मिलिंग की गुणवत्ता में काफ़ी सुधार किया गया है। साथ ही इनकी केपेसिटी भी बढ़ाई गई है। इन सभी कारणों के चलते भारत से आज 1.5 करोड़ टन चावल का निर्यात किया जा सकता है जो अभी तक केवल एक करोड़ टन तक सीमित रहता था। भारत से मूंगफली का निर्यात नहीं हो पाता था क्योंकि भारतीय मूंगफली की मांग कम गुणवत्ता के कारण वैश्विक बाज़ार में विकसित नहीं हो पा रही थी। लेकिन अभी हाल ही में भारतीय मूंगफली की गुणवत्ता में सुधार किया गया है और अब मूंगफली का निर्यात भी अच्छी मात्रा में होने लगा है। इसी प्रकार चावल की गुणवत्ता में भी सुधार किया गया है, पहिले भारतीय चावल थाईलैंड और वियतनाम की तुलना में थोड़ा नीचा माना जाता था।

चमत्कारी है 'सहजन'

सहजन (ड्रमस्टिक्स) या मुनगा जड़ से लेकर फूल और पत्तियों तक सेहत का खजाना है। सहजन के ताजे फूल हर्बल टॉनिक है। इसका वनस्पति नाम मोरिंगा ओलिफेरा है। इसकी पत्ती में कई ऐसे पोषक तत्व पाए गए हैं, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से काफी लाभदायक हैं। फिलीपीन्स, मैक्सिको, श्रीलंका, मलेशिया आदि देशों में भी सहजन का उपयोग बहुत अधिक किया जाता है। दक्षिण भारत में व्यंजनों में इसका उपयोग खूब किया जाता है। सहजन के बीज से तेल निकाला जाता है और छाल पत्ती, गोंद, जड़ आदि से आयुर्वेदिक दवाएं तैयार की जाती हैं। आयुर्वेद में 300 रोगों का सहजन से उपचार बताया गया है। इसीलिए आज हम आपको परिचित करवाने जा रहे हैं। सहजन की कुछ खास उपयोगिताओं व इसके गुणों से ......

सहजन में छिपा है त्वचा की खूबसूरती का राज

सुरजना या सहजन

सहजन या सुरजने का समूचा पेड़ ही चिकित्सा के काम आता है। इसे जादू का पेड़ भी कहा जाता है। त्वचा रोग के इलाज में इसका विशेष स्थान है। सहजन के बीज धूप से होने वाले दुष्प्रभावों से रक्षा करते हैं। अक्सर इन्हें पीसकर डे केअर क्रीम में इस्तेमाल किया जाता है। बीजों का दरदरा पेस्ट चेहरे की मृत त्वचा को हटाने के लिए स्क्रब के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाता है। फेस मास्क बनाने के लिए सहजन के बीजों के अलावा कुछ और मसाले भी मिलाना पड़ते हैं।

सहजन के बीज है फायदेमंद

सहजन के बीजों का तेल सूखी त्वचा के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह एक ताकतवर मॉश्चराइजर है। इसके पेस्ट से खुरदुरी और एलर्जिक त्वचा का बेहतर इलाज किया जा सकता है। सहजन के पेड़ की छाल गोखरू, कील और बिवाइयों के इलाज की अक्सीर दवा मानी जाती है। इसके बीजों का तेल शिशुओं की मालिश के लिए प्रयोग किया जाता है। त्वचा साफ करने के लिए सहजन के बीजों का सत्व कॉस्मेटिक उद्योगों में बेहद लोकप्रिय है। सत्व के जरिए त्वचा की गहराई में छिपे विषैले तत्व बाहर निकाले जा सकते हैं। मृत त्वचा के पुनर्जीवन के लिए इससे बेहतर कोई रसायन नहीं है। धूम्रपान के धुएँ और भारी धातुओं के विषैले प्रभावों को दूर करने में सहजन के बीजों के सत्व का प्रयोग सफल साबित हुआ है। सहजन के बीजों का पेस्ट त्वचा के रंग और टोन को साफ रखने में मदद करता है।

औषधीय गुण

तमाम शोध सर्वेक्षणों से इस बात की पुष्टि हुई है कि सहजन में औषधीय गुण पाये जाते हैं। विशेषकर पुरुषों के लिये यह काफी लाभपद है। औषधीय तत्वों के कारण ये कई रोगों में भी उपयोगी साबित हुआ है। इसकी तासीर गर्म होने के कारण इसमें उत्तम वीर्यवर्द्धक गुण पाए जाते है। यही नहीं इसमें लौह तत्व भी मौजूद है जो कि रक्त सम्बंधी समस्याओं के लिये लाभकारी साबित हुए हैं। चूंकि यह गर्म है इसलिये इसका सवेन सर्दियों में ज्यादा किया सकता है। जहिर है जब औषधीय गुणों से लैस घर में सहज हमेशा उपलब्ध हो बीमारी आसपास भी नहीं मंडराती है। खानपान विशेषज्ञ भी इसे अपने खानपान में शामिल करने की खास हिदायत देते हैं।

सहजन की छाल का पावडर

सहजन की छाल का पावडर रोज लेने से वीर्य की गुणवत्ता में सुधार होता है.... ! सहजन (ड्रमस्टिक्स) या मुनगा जड़ से लेकर फूल और पत्तियों तक सेहत का खजाना है। सहजन के ताजे फूल और गाय का दूध ऐसा हर्बल टॉनिक है जिससे पुरुषों की मर्दाना कमजोरी और महिलाओं में सेक्स की कमजोरी दूर होती है। सहजन की छाल का पावडर रोज लेने से वीर्य की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा पुरुषों में शीघ्रपतन की समस्या भी दूर होती है। छाल का पावडर, शहद और पानी से ऐसा मिश्रण तैयार होता है जो शीघ्रपतन की समस्या का अचूक इलाज है। मुनगा या सहजन या ड्रम स्टिक्स की करीब 50 ग्राम पत्तियों को लेकर चटनी बनाए जाए तो यह पेट के कृमियों को बाहर निकाल फेंकने में काफी कारगर होती है। चटनी बनाने के लिए पत्तियों को बारीक कुचल लिया जाए, इसमें स्वादानुसार नमक और मिर्च पाउडर भी मिला लिया जाए और इस पूरे मिश्रण को तवे या कढाही पर आधा चम्मच तेल डालकर कुछ देर भून लिया जाए। सप्ताह में एक या दो बार इस चटनी का सेवन बेहद गुणकारी होता है। सहजन की पत्तियों का सूप टीबी, ब्रोंकाइटिस तथा अस्थमा पर नियंत्रण के लिए कारगर समझा जाता है। इसका स्वाद बढ़ाने के लिए नींबू का रस, कालीमिर्च और सेंधा नमक मिलाया जा सकता है। यह हाजमें के लिए सबसे मुफीद सब्जी मानी जाती है। ताजी पत्तियों को निचोड़कर निकाले गए रस को एक चम्मच शहद तथा एक गिलास नारियल के पानी के साथ लेना चाहिए। इससे कॉलरा, डायरिया, डीसेंट्री, पीलिया तथा कोलाइटिस की समस्या में आराम मिलता है। अगर पेशाब में अधिक मात्रा में यूरिया जा रहा हो तो मरीज को सहजन की ताजी पत्तियों के निचोड़े हुए रस के साथ खीरा या गाजर के रस के मिलाकर पिला दें। इससे तत्काल आराम मिलता है।सहजन की ताजा पत्तियों के निचोड़े हुए रस के साथ नींबू के रस से मुंहासों का कारगर इलाज किया जाता है। इससे ब्लेक स्पॉट्स हटते हैं साथ ही उम्र के कारण थकी और कांतिहीन त्वचा में नई जान फूंकी जा सकती है। इसी के साथ ही सहजन के फूलों के साथ पत्तियां, सहजन के बीज और जड़ से शरीर में हुई गठानों का इलाज किया जा सकता है। जड़ रूखी और स्वाद में कड़वी होती है लेकिन फेफड़ों के लिए बढ़िया टॉनिक के रूप में काम करती है। यह कफ को बाहर निकालती है। मूत्रवर्धक होने से मूत्र संबंधी विकारों का निवारण भी करती है। जड़ों से तैयार किए गए रस से त्वचा के कई रोगों में राहत मिलती है।

सहजन के बड़े-बड़े गुण

सहजन के पत्तों का रस बच्चों के पेट के कीड़े निकालता है और उलटी दस्त भी रोकता है। सहजन फली का रस सुबह शाम पीने से उच्च रक्तचाप में लाभ होता है। सहजन की पत्तियों के रस के सेवन से मोटापा धीरे धीरे कम होने लगता है। सहजन. की छाल के काढ़े से कुल्ला करने पर दांतों के कीड़ें नष्ट होते है और दर्द में आराम मिलता है। सहजन के कोमल पत्तों का साग खाने से कब्ज दूर होती है। सहजन की जड़ का काढे को सेंधा नमक और हिंग के साथ पिने से मिर्गी के दौरों में लाभ होता है। सहजन की पत्तियों को पीसकर लगाने से घाव और सुजन ठीक होते है। सहजन के पत्तों को पीसकर गर्म कर सिर में लेप लगाए या इसके बीज घीसकर सूंघे तो सर दर्द दूर हो जाता है

वात रोग में रामबाण

कमर दर्द, घुटने का दर्द, जोड़ों में दर्द से हमेशा ग्रस्त रहते हैं तो सहजन अवश्य खाएं। ऐसा हमारा नहीं बल्कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है। नियमित दवाओं का सेवन करने से न सिर्प स्वास्थ्य पर बुरा पभाव पड़ता है बल्कि दीर्घकालिक समस्याएं भी हो सकती है। अत: ऐसे में अगर सहजन का नियमित खाया जाए तो इन दर्दों को धीरे धीरे कर स्थायी रूप से निजात मिल सकता है। आयुर्वेद में सहजन को वातनाशक के रूप में भी दर्शाया गया है। वायु विकार में भी इसका उपयोग रहता है। जोड़ों के दर्द की स्थिति में सहजन के फूल, पत्ती, फल और छाल सभी खाया जा सकता है। सहजन का काढ़ा भी स्वास्थ्य के लिये काफी उपयोगी है। पेट में गैस बनने की शिकायत नहीं रहती। इस सम्बंध में सहजन की पत्तियों से निकाला गया रस भी फायदेमंद है।

जीवन की ज्योति है आंख

हैल्थ संवाददाता

यह तो हम सब जानते हैं कि आंखें प्रकृति की अनुपम देन हैं पर इस अनुपम देन की देखभाल करना भी मनुष्य के लिए बहुत जरूरी है। अगर इनकी उचित देखभाल न की जाये तो इस अमूल्य देन से हम वंचित हो सकते हैं।

आहार का रखें ध्यान

आंखों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है आपके शरीर का स्वास्थ्य, इसलिए स्वस्थ पौष्टिक आहार का सेवन करें। अगर आपको धुंधला दिखायी दे रहा है तो भी आंखों के डाक्टर से पूरी तरह चेकअप करवायें। यह नहीं कि सीधे आप्टीशियन के पास चले जाएं। जब आप आंखों के डाक्टर से निरीक्षण कराएं तो रेटिना के साथ-साथ आंखों में दबाव की भी जांच करवाएं।

आई ड्रॉप्स का उपयोग सावधानी से

बिना डाक्टर की राय लिये आंखों में कोई भी आई-कड्राप्स मत डालें। आंखों में कोई परेशानी होने पर अधिकतर व्यक्ति बिना डाक्टर की राय लिए कोई भी आई ड्राप्स डाल लेते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि स्टीरायड दवाइयां सफेद या काले मोतियाबिंद का कारण बन सकती हैं अगर अधिक प्रयोग में लायी जायें। आई ड्राप्स प्रयोग करते समय एक्सपायरी तिथि अवश्य जांच लें।

1 ẽâuÛè· œe ÚU¥ 1 ãÌæð è ãõ¥ æð

कहते है खुबसूरती का राज आंखों में छिपा होता है। खुबसुरत आंख आकर्षण लिए होती है, जिसे देखकर कोई भी आसानी से आकर्षित हो जाता है। हम अपनी आंखों की उचित देखभाल से इसे सुंदर और आकर्षक बना सकते है। हम सबको अच्छी तरह पता है कि स्वस्थ शरीर कितना महत्व रखता है और इसके लिए व्यायाम कितना जरूरी है। किन्तु बहुत कम लोगों का ध्यान इस बात पर जाता है कि आंखों का व्यायाम भी किया जा सकता है। आँख के व्यायाम करने से आंखें स्वस्थ रहतीं हैं तथा आँखों पर कम तनाव पड़ता है। ध्यान दें कि नीचे दिए गए चरण आपकी दृष्टि सुधारने के विचार से नहीं दिए गये हैं बल्कि इनसे आपकी दृष्टि पूरे दिन अपने सर्वोत्तम स्तर पर बनी रहेगी और भविष्य में दृष्टि और अधिक खराब नहीं होगी।

30-60 सेकेण्ड वाले व्यायाम भी है आंखो के लिए फायदेमंद

सुबह-सुबह घास पर नंगे पैर चलने से आंखों की रोशन तेज होती है

जब आंखों में थकान या तनाव का अनुभव हो तो 'पामिंग' करें।

40 की उम्र के बाद आंखों का चेकअप वर्ष में दो बार अवश्य करवायें

सब्जियों और फलों का सेवन जरूरी

फलों व सब्जियों का सेवन भी आंखों को सुरक्षा होता है। हरी सब्जियों व फलों में पाया जाने वाला तत्व बैटा केरोटीन से सुरक्षा देता है, इसलिए अपने भोजन में गाजर, पपीते आदि बेटा केरोटीन के उत्तम स्रोतों का सेवन करें।

एरोबिक्स है जरूरी

विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि एरोबिक्स व्यायाम आंखों के लिए बेहद आवश्यक हैं, क्योंकि यह आंखों को पहुंचने वाले आक्सीजन भरे रक्त की आपूर्ति अधिक करता है। बच्चों को कांटेक्ट लेंस की बजाय चश्मे का प्रयोग करवाएं, क्योंकि ये पहनने में आसान तो होते ही हैं, साथ ही इनकी देखभाल भी आसान होती है। इससे आंखों में इन्फेक्शन होने का खतरा भी कम होता है, साथ ही यह कांटेक्ट लेंस की अपेक्षा अधिक सुरक्षा देता है।

आवश्यक सलाह

आँखों की पलकों को झपकाने से से आँखें थकती नहीं। नजदीक के काम (जैसे कम्प्यूटर के मानीटर को देखना) को बीच-बीच में रोक दिया करें और दूर की वस्तु को देखें। इससे भी आँखों को आराम मिलता है। जब भी आँखों को थकान या तनाव का अनुभव हो तो 'पामिंग' कर लिया करें। इससे लाभ मिलता है। व्यायाम को नियमित करने से ही लाभ मिलता है, बहुत दिनों पर या कभी-कभार करने से उतना लाभ नहीं होगा। हर घण्टे बाद 30-60 सेकेण्ड का आँखों को गति देने वाला व्यायाम भी बहुत कारगर है।

व्यायाम जो आपके आंखों को रखे तंदुरूस्त

पुतलियों की मालिश

अपनी आँखों को बन्द कर लें तथा उन्हें अपने अंगुलियों के वृत्तीय गति से एक-दो मिनट तक मालिश करें। ध्यान रहे कि आप आँखों को बहुत हल्के से ही दबाएँ और इसके पहले आपने अपने हाथों को साफ कर लिया हो ताकि आँखों को कोई नुकसान न हो। अपने दोनो हाथों की तीन अंगुलियों से आँखों की ऊपरी पुतलियों को दबाएँ। यह दबाव एक-दो सेकेण्ड तक बनाए रखें। यह क्रिया 5 बार करें। बैठ जाँय और आराम करें। अपनी आंखों को दक्षिणावर्त घुमाएँ, फिर वामावर्त घुमाएँ। यह क्रिया 5 बार करें। बीच-बीच में पलकों को झपका लें। दूर के किसी वस्तु पर नजर टिकाएँ। उसके बाद अपने सिर को बिना चलाए धीरे-धीरे करके पास की किसी बस्तु पर आँख को फोकस करें। फिर दूर की वस्तु पर आँखों को फोकस करें।

5 बार करें। किसी खिड़की से आधा फुट की दूरी पर बैठें। काँच पर, आँखों के ही स्तर पर एक निशान बना लें इस निशान से होकर देखें और दूर की किसी वस्तु को देखने की कोशिश करें। उसके बाद अपनी दृष्टि को इस निशान पर केन्द्रित करें।

6. अपने सामने एक हाथ की दूरी पर एक पेंसिल पकड़ें। धीरे-धीरे अपने हाथ को नाक की तरफ लाएँ

आंखों का करें मसाज

दो तौलिए लीजिए, पहले तौलिए को गरम पानी में भिगो लीजिए, दूसरे को ठण्डे जल में भिगो लें।

एक तौलिए को लेकर उसे अपने चेहरे पर आँख की भौंहों, बन्द आँख की पुलतियों और गालों पर हल्के से दबाइए। एक बार गरम तौलिए से और फिर ठण्डे तौलिए से, फिर गरम से-यह क्रिया करें। अन्त में ठण्डे तौलिए से करने के बाद इसे समाप्त करें।

पूरे चेहरे की मालिश

किसी तौलिए को गरम जल में भिगो दें। आँखों को बचाते हुए अपने गर्दन, ललाट तथा गालों को इस तौलिए से रगड़ें। इसके बाद अपनी अंगुलियों के अग्रभागों से अपने ललाट तथा अपनी बन्द आँखों को हल्के से मालिश करें।

टी20 विश्व कप का आगाज आज, ऑस्ट्रेलिया का वर्चस्व खत्म करने उतरेंगे प्रतिद्वंद्वी

पहला मैच बांग्लादेश-स्कॉटलैंड और दूसरा पाकिस्तान-श्रीलंका में होगा

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें गुरुवार से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का पिछले लंबे समय से चला आ रहा वर्चस्व खत्म करने की कोशिश करेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत गुरुवार को शारजाह में होने वाले दो मैचों से होगी। इनमें पहला मैच बांग्लादेश और स्कॉटलैंड तथा दूसरा मैच पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। पहले इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में होना था लेकिन वहां राजनीतिक अशांति के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इसे संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया था। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

ऑस्ट्रेलिया सबसे बड़ी चुनौती

दस टीमों के बीच खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया को हराना सभी टीमों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। अभी तक इस प्रतियोगिता का नौ बार आयोजन किया जा चुका है जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने छह बार खिताब जीता है। वह पिछली तीन बार का चैंपियन भी है। इंग्लैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका में समय-समय पर दिखाया है कि ऑस्ट्रेलिया को हराया जा सकता है लेकिन जब विश्व कप की बात आती है तो उसको पराजित करना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता है।

हीली को मिली कमान

लगभग 18 महीने पहले दक्षिण अफ्रीका में टीम को चैंपियन बनाने के बाद मेग लैनिंग ने संन्यास ले लिया था और अब ऑस्ट्रेलिया का इस प्रतियोगिता में दबदबा बरकरार रखने का जिम्मा एलिसा हीली के कंधों पर होगा जिन्हें टीम की कप्तानी सौंपी गई है। हीली आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहेगी लेकिन अगर वह ऐसा करने में नाकाम रहती हैं तब भी टीम के पास एलिसे पेरी, एशले गार्डनर और ग्रेस हैरिस जैसी मैच विजेता खिलाड़ी हैं।

दो ग्रुप में बंटीं टीमें

ग्रुप ए : ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, श्रीलंका
ग्रुप बी : इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, स्कॉटलैंड

इंग्लैंड 3 बार खिताब से चूका

इंग्लैंड ने 2009 में पहला टी20 महिला विश्व कप जीता था लेकिन इसके बाद उसे तीन बार फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। उसकी टीम ने हालांकि पिछले साल महिला एशेज में अपने इस प्रमुख प्रतिद्वंद्वी को हराकर श्रृंखला जीती थी जिससे उसकी टीम प्रेरणा लेना चाहेगी। उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त अरब अमीरात की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार होंगी।

भारतीय टीम देगी कड़ी टक्कर

ऑस्ट्रेलिया के सामने कड़ी चुनौती पेश करने वाली एक और टीम भारत है लेकिन वह भी अपने इस प्रतिद्वंद्वी के सामने आखिरी बाधा पार करने में नाकाम रही है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम टी20 विश्व कप 2020 और राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी। भारतीय टीम को हाल में एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उसे तैयारी का बहुत मौका नहीं मिला। टीम ने अपनी फिटनेस और फील्डिंग पर काफी काम किया है और उम्मीद है कि इसके सकारात्मक परिणाम टूर्नामेंट के दौरान देखने को मिलेंगे। यहां की परिस्थितियां भारतीय टीम के अनुकूल हो सकती हैं।

चौंका सकते हैं अफ्रीकी

दक्षिण अफ्रीका ने पिछले टी20 विश्व कप में अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया था। उसकी टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी जहां उसे आस्ट्रेलिया ने हरा दिया था। उसकी टीम ने हाल में मिला-जुला प्रदर्शन किया है लेकिन यहां वह कुछ चौंकाने वाले परिणाम दे सकती है।

खबर संक्षेप

अल्काराज बने चीन ओपन चैंपियन

बीजिंग। स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने लगातार सात अंक जुटाकर निर्णायक टाइब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर को 6-7, 6-4, 7-6 से हराकर चीन ओपन खिताब जीत लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने गत चैंपियन सिनेर के खिलाफ इस साल तीनों मुकाबले जीते हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस इतालवी प्रतिद्वंद्वी के 14 मैचों के विजय अभियान पर भी रोक लगा दी।

नागल शंघाई मास्टर्स के पहले दौर में बाहर

शंघाई। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल का खराब प्रदर्शन शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भी जारी रहा जहां उन्हें बुधवार को यहां पहले दौर में ही सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। यह 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चीन के वू यिबिंग के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाया और 6-3, 6-3 से हारने के कारण उनका अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। नागल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल में पहले दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से हारकर बाहर हो गए थे।

आईएसएसएफ पुरस्कार विजेता होंगे पुरस्कृत

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज की दौड़ में शामिल खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है और विजेताओं को नई दिल्ली में आगामी विश्व कप फाइनल के उद्घाटन समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। सत्र का अंतिम टूर्नामेंट 13 से 18 अक्टूबर के बीच राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा। आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी के अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ उद्घाटन समारोह में भाग लेने की उम्मीद है। विजेताओं को ट्रॉफी और डिप्लोमा दिया जाएगा।

पहले खो खो विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली। भारत अगले साल पहले खो खो विश्व कप की मेजबानी करेगा जिसमें 24 देशों और छह महाद्वीपों की 16 पुरुष और महिला टीमें भाग लेंगी। भारतीय खो खो महासंघ ने बुधवार को इसकी घोषणा की। केकेएफआई ने बयान में कहा, 'भारत खो खो का जनक है तथा यह विश्व कप इस खेल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्रतिस्पर्धी भावना को उजागर करेगा। आज इस खेल ने वैश्विक उपस्थिति दर्ज करा ली है और यह 54 देशों में खेला जाता है।

टेस्ट रैंकिंग : कोहली की शीर्ष 10 में वापसी

बुमराह ने अश्विन से छीनी बादशाहत सिर्फ 11 मैचों में नंबर-3 बने यशस्वी

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में छह विकेट लेने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने भारतीय टीम के अपने साथी रविचंद्रन अश्विन की जगह पहला स्थान हासिल किया है। अश्विन को बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। स्पिनर रविंद्र जड़ेजा अपने छठे स्थान पर बने हुए हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग में कानपुर टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए यशस्वी जायसवाल सिर्फ 11 टेस्ट के बाद कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जायसवाल ने कानपुर टेस्ट में 72 और 51 रन की शानदार पारियां खेल कर भारत को बारिश से प्रभावित मैच में सात विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।जायसवाल के 792 रेटिंग अंक हैं और यह 22 वर्षीय खिलाड़ी जो रूट (899) और केन विलियमसन (829) के बाद तीसरे नंबर पर है।

कोहली की लंबी छलांग

अनुभवी भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने शीर्ष 10 में वापसी की है। कानपुर टेस्ट में 47 और 29 रन की पारी खेलने वाले कोहली छह स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऋषभ पंत भी शीर्ष 10 में बने हुए हैं लेकिन वह तीन स्थान नीचे नौवें स्थान पर खिसक गए हैं। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर हैं।

जडेजा शीर्ष आलराउंडर

जहां तक ऑलराउंडरों की बात है तो रैंकिंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। जडेजा पहले की तरह शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं जबकि अश्विन दूसरे और अक्षर पटेल सातवें स्थान पर हैं।

शीर्ष टीमें

रैंक	देश	अंक
1	ऑस्ट्रेलिया	124
2	भारत	120
3	इंग्लैंड	108
4	द.अफ्रीका	104
5	न्यूजीलैंड	96

शीर्ष गेंदबाज

रैंक	खिलाड़ी	देश	अंक
1	जसप्रीत बुमराह	भारत	870
2	रविचंद्रन अश्विन	भारत	869
3	जोश हेजलवुड	ऑस्ट्रेलिया	847
4	पैट कमिंस	ऑस्ट्रेलिया	820
5	कगिसो रबाडा	अफ्रीका	820
6	रविंद्र जडेजा	भारत	809

अंडर 19 क्रिकेट

भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया इनान ने चटकाए छह विकेट

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

निखिल कुमार के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत अंडर 19 टीम ने पहले अनधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम को दो विकेट से हराया। सातवें नंबर पर उतरे कुमार ने 71 गेंद में नाबाद 55 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने आखिरी घंटे में जीत दर्ज की।

इससे पहले लेग स्पिनर मोहम्मद इनान ने 79 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे आस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में 214 रन ही बना सका। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 110 रन से आगे खेलना शुरू किया था। जीत के लिए 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को पहला झटका जल्दी ही लगा जब पहली पारी में शतक जमाने वाले वैभव सूर्यवंशी दूसरे ओवर में एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद एडेन ओ कोनोर ने विहान मल्होत्रा का रिटर्न कैच लपका। भारत का स्कोर इस समय दो विकेट पर 25 रन था। नित्य पंड्या (51) और केपी कार्तिकेय (36) ने इसके बाद 71 रन की साझेदारी की। पांच विकेट गिरने के बाद कुमार और विकेटकीपर अभिमन्यु कुंडू (23 रन) ने स्कोर 150 के पार पहुंचाया। ओ कोनोर ने कुंडू को विकेट के पीछे लपकवाया जबकि रामकुमार ने इनान को बोल्ड कर दिया। प्लेयर आफ द मैच कुमार को समर्थ नगराज (34 गेंद में 19 रन) का साथ मिला और दोनों ने आठवें विकेट के लिए मैच जिताने वाली 47 रन की साझेदारी की।

- आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम को दो विकेट से हराया

जूनियर विश्व चैंपियनशिप

दिव्यांशी-मुकेश का गोल्डन डबल, भारत 14 पदक पार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता के चौथे दिन पांच स्वर्ण पदक जीते। दिव्यांशी और मुकेश नेलवल्ली के महिला और पुरुष वर्ग में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते हैं। भारतीय निशानेबाजों ने अब तक 10 स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक जीते हैं। अमेरिका (10) और इटली (08) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

दिव्यांशी ने 35 का स्कोर बनाकर फाइनल में इटली की क्रिस्टीना मैग्नानी को दो अंकों से हराया। फ्रांस की हेलोइस फोरे तीसरे स्थान पर रहीं। दिव्यांशी ने तेजस्विनी और विभूति भाटिया के साथ मिलकर जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में भी सोने का तमगा हासिल किया। भारतीय टीम ने 1711 के स्कोर के साथ चेक गणराज्य और जर्मनी को पीछे छोड़ा।

नेलवल्ली ने जीता तीसरा स्वर्ण

नेलवल्ली ने दो और स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियनशिप में अब तक अपने स्वर्ण पदकों की संख्या तीन पर पहुंचा दी है। उन्होंने जूनियर पुरुष 25 मीटर पिस्टल में 585 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस भारतीय निशानेबाज ने हमवतन सूरज शर्मा को दो अंक से पीछे छोड़ा। इस तरह से सूरज ने प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला रजत पदक जीता। नेलवल्ली, सूरज और प्रद्युम्न सिंह (561) ने टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इन तीनों भारतीय निशानेबाजों ने कुल मिलाकर 1726 अंक बनाए तथा पोलैंड को तीन अंक से पीछे छोड़ा।

शौर्य, वेदांत और परीक्षित रहे शीर्ष पर

भारत ने चौथे दिन पांचवां स्वर्ण पदक पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) की टीम स्पर्धा में जीता। भारत के शौर्य सैनी, वेदांत नितिन वाघमारे और परीक्षित सिंह बराड़ ने 1753 अंक बनाकर जूनियर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और स्वर्ण पदक हासिल किया। नॉर्वे दूसरे और स्वीडन तीसरे स्थान पर रहा।

नीरज की मां के हाथ का चूरमा खाकर भावुक हुए पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा की मां ने अपने हाथों से बना चूरमा उपहार में दिया। इस पर पीएम मोदी भावुक हो गए और उन्होंने नीरज की मां सरोज देवी को पत्र लिख धन्यवाद दिया और कहा कि उनके इस उपहार ने उन्हें उनकी मां की याद दिला दी। प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज की मां को पत्र लिख कहा, आदरणीया सरोज देवी जी, सादर प्रणाम। आशा है आप स्वस्थ, सकुशल और सानंद होंगी। जमैका के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के अवसर पर आयोजित भोज में मुझे भाई नीरज से मिलने का अवसर मिला। उनसे चर्चाओं के बीच मेरी खुशी तब और बढ़ गई, जब उन्होंने मुझे आपके हाथों से बना स्वादिष्ट चूरमा दिया।

चैंपियंस लीग : डॉर्टमुंड की 7-1 से बड़ी जीत, अडेमी की हैट्रिक

एजेंसी ▸▸ लंदन

करीम अडेमी के पहले हाफ में की गई हैट्रिक के दम पर बोरुसिया डॉर्टमुंड ने सेल्टिक को घरेलू मैदान पर 7-1 के बड़े अंतर से हराया, जबकि बार्सिलोना और मैनचेस्टर सिटी ने भी यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की।

डॉर्टमुंड की जीत इस प्रतियोगिता में जर्मनी की किसी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। इससे पहले में बायर्न म्यूनिख ने दिनामो जाग्रेब को 9-2 से शिकस्त दी थी। बार्सिलोना के लिए रॉबर्ट

लेवांडोव्स्की ने दो गोल दागे जिससे टीम ने यंग बॉयज पर 5-0 से आसान जीत हासिल की। मैनचेस्टर सिटी ने स्लोवन ब्रातिस्लावा को 4-0 से पराजित किया। मैनचेस्टर सिटी को अपने शुरुआती मैच में इंटर मिलान से 0-0 से ड्रॉ से संतोष करना पड़ा था तो बार्सिलोना को मोनाको से 2-1 से हार मिली थी। अन्य मुकाबलों में आर्सेनल ने पेरिस सेंट जर्मन को 2-0 से पराजित किया।

इंटर मिलान ने रेड स्टार बेलग्रेड को 4-0 से और टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाले ब्रेस्ट ने भी साल्जबर्ग को इतने ही स्कोर से हराया। इसके अलावा बेयर लीवरकुसेन ने जर्मनी में एसी मिलान को 1-0 से हराया जबकि स्पोर्टिंग लिस्बन ने पीएसवी आइंडहोवन को और प्राग ने स्टटगार्ट को 1-1 की बराबरी पर रोका।

सरफराज का ईरानी कप में दोहरा शतक

लखनऊ। मुंबई के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान के दोहरे शतक से ईरानी कप मुकाबले में सिर्फ शेष भारत पर ही दबाव नहीं बना बल्कि अगले महीने भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया दौरे से पहले अनुभवी केएल राहुल के लिए भी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। सरफराज 276 गेंद में 221 रन बनाकर खेल रहे हैं और 42 बार की चैंपियन मुंबई के लिए ईरानी कप में दोहरा शतक जमाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मुंबई ने नौ विकेट पर 536 रन बना लिए थे। ईरानी कप में वसीम जाफर (विदर्भ), रवि शास्त्री, प्रवीण आम्रे और यशस्वी जायसवाल (शेष भारत) दोहरा शतक बना चुके हैं। सरफराज का यह 15वां प्रथम श्रेणी शतक है।

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टॉम लैथम को सौंपी कमान

साउदी ने भारत दौरे से पहले छोड़ी न्यूजीलैंड की कप्तानी

एजेंसी ▸▸ धर्मशाला

ऑकलैंड। टिम साउदी ने भारत के खिलाफ इस महीने होने वाली 16 अक्टूबर से तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले न्यूजीलैंड की कप्तानी छोड़ दी है। इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टॉम लैथम को कप्तान नियुक्त किया गया है। साउदी ने 14 टेस्ट मैचों में न्यूजीलैंड की कप्तानी की, जिसमें कीवी टीम ने छह जीते, छह हारे और दो मैच ड्रॉ खेले।

साउदी ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के बयान में कहा, 'मैंने अपने पूरे करियर में हमेशा टीम को प्राथमिकता दी और मुझे लगता है कि मेरा यह फैसला टीम के हित में है। मेरा मानना है कि अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करके, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके, विकेट लेना जारी

रखकर और न्यूजीलैंड की जीत में योगदान देकर मैं टीम के लिए सबसे अच्छी सेवा कर सकता हूं।'इस 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अब तक 102 टेस्ट, 161 वनडे और 126 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 382 विकेट लिए हैं और न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों में महान रिचर्ड हैडली (431) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। साउदी ने कहा, 'मैंने हमेशा अपने साथी खिलाड़ियों का समर्थन किया है और मैं टॉम को इस भूमिका के लिए शुभकामनाएं देता हूं। वह जानता है कि उसका साथ देने के लिए मैं हमेशा मौजूद रहूंगा जैसा कि वह वर्षों से मेरे लिए करता रहा है।'

वनडे और टी20 की कप्तानी से हटे बाबर

कराची। बाबर आजम ने पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी भी छोड़ दी है और उनके स्थान पर मोहम्मद रिजवान को यह पद सौंपें जाने की संभावना है। बाबर ने बुधवार आधी रात के आसपास एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बयान जारी कर घोषणा की कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम प्रबंधन को पिछले महीने ही अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था। बाबर ने हालांकि यह नहीं बताया कि उन्होंने बोर्ड और टीम प्रबंधन को अपने पद छोड़ने के फैसले के बारे में कब सूचित किया था।

खबर संक्षेप

दो हजार रुपए के 98 फीसदी नोट बैंकों में वापस आए

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि 2,000 रुपये के 98 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। चलन से हटाये गये केवल 7,117 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से हटाने की घोषणा की थी।

रॉयल एनफील्ड की बिक्री सितंबर में 11 प्रतिशत बढ़ी

ROYAL ENFIELD

नई दिल्ली। मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने सितंबर में 86,978 गाड़ियां बेचीं, जो सालाना आधार पर 11 प्रतिशत वृद्धि है। पिछले साल सितंबर में कंपनी ने 78,580 गाड़ियां बेची थीं। समीक्षाधीन अवधि में घरेलू बाजार में वाहन बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 79,326 इकाई रही, जो पिछले साल समान माह में 74,261 इकाई थी।

टीएचडीसीआईएल 8,800 करोड़ का करेगी निवेश

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की टीएचडीसीआईएल ने 8,800 करोड़ रुपये के निवेश से 1,600 मेगावाट की पंप भंडारण (पंप्ड स्टोरेज) परियोजनाएं स्थापित करने के लिए राजस्थान सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू का उद्देश्य बूंदी के बिसनपुरा और रामपुरा टोंक में 800 मेगावाट की दो पंप भंडारण परियोजनाओं का विकास करना है।

मैनकाइंड फार्मा के सीरम वैक्सीन सौदे को मंजूरी

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने मैनकाइंड फार्मा द्वारा 13,630 करोड़ रुपये में भारत सीरम एंड वैक्सीन के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी। सीसीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आयोग ने मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड द्वारा भारत सीरम एंड वैक्सीन लिमिटेड के अधिग्रहण को मंजूरी दी।"

'गांधी जयंती' पर सभी प्रमुख बाजार रहे बंद

मुंबई। महात्मा गांधी की जयंती पर बुधवार को मुंबई शेयर बाजार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज बंद रहे। विदेशी मुद्रा विनिमय और जिंस बाजार में कोई कामकाज नहीं हो पाया। इन सभी बाजारों में राज की तरह गुरुवार से कामकाज फिर शुरू होगा।

बीएसई ब्रोकर्स फोरम के चेयरमैन बने गुप्ता

नई दिल्ली। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ब्रोकर्स फोरम (बीबीएफ) के चेयरमैन पद पर अनूप गुप्ता को नियुक्त किया गया है। उन्होंने किशोर कंसागरा का स्थान लिया है। बीबीएफ ने बुधवार को बयान में कहा कि यह नियुक्ति 30 सितंबर, 2024 से प्रभावी हो गई है। गुप्ता साइक्स एंड रे इक्विटीज (1) लिमिटेड के निदेशक हैं। फोरम भारत में 650 से अधिक प्रतिभूति ब्रोकिंग कंपनियों का प्रतिनिधि है और नियामक नीति में सक्रिय रूप से योगदान देता है। वैश्विक स्तर पर भी कार्य करता है तथा व्यावसायिक गतिविधि और निवेशक शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है।

कर्मियों पर दबाव से कंपनियां गति नहीं बना सकती : जोहो सीईओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वेम्बू ने कहा, कंपनियां कर्मचारियों पर बहुत अधिक दबाव डालती है

कार्यस्थल पर दबाव को लेकर उद्योग जगत में जारी चर्चा के बीच प्रौद्योगिकी कंपनी जोहो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और सह संस्थापक श्रीधर वेम्बू ने कहा है कि जो कंपनियां कर्मचारियों पर 'बहुत अधिक' दबाव डालती हैं, वे बाजार में अपनी गति को बनाये नहीं रख पाएंगी।

सीईओ ने कहा कि दीर्घकालिक और टिकाऊ संगठन बनाने के लिए एक 'अलग' मानसिकता की आवश्यकता है। उद्योगपति और सामाजिक उद्यमी वेम्बू ने बातचीत में कहा कि बड़े शहरों में प्रवास के बाद थकान, अकेलापन, लंबी यात्राएं और तनावपूर्ण काम की स्थिति लोगों को बहुत दबाव वाली जैसी स्थिति डाल में रही है।

कार्यस्थल पर दबाव को लेकर उद्योग जगत में चर्चा जारी

छोटे कस्बों में मौजूदगी बनाए

बेंगलुरु इसका अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अकेलापन, लंबी यात्राएं, तनावपूर्ण कार्य स्थितियां के साथ अत्यधिक काम का बोझ मामले को और भी बदतर बना देता है। वेम्बू ने कहा, ''इन सब चीजों के साथ आप लोगों को एक बहुत बड़े 'प्रेशर कुकर' जैसी दबाव वाली परिस्थिति में डाल रहे हैं। और यह बहुत दुखद है कि कुछ लोग टूट जाते हैं। इसका हल यह है कि कंपनियों विविधता लाएं। उन्हें छोटे कस्बों और शहरों में मौजूदगी बनाने की आवश्यकता है।'

दबाव से थकान महसूस करते हैं कर्मचारी

लेकिन वह निश्चित रूप से अंधाधुंध तरीके से काम के पक्ष में नहीं हैं, जिससे खुद या फिर उनके कर्मचारी अत्यधिक दबाव तथा थकान महसूस करें। उनकी यह बात प्रमुख परामर्श कंपनी में एक युवा कर्मचारी की दुखद मौत के संदर्भ में महत्वपूर्ण है। इस घटना के बाद कार्यस्थलों पर तनाव के मुद्दे पर व्यापक स्तर पर चर्चा हो रही है।

पहली समस्या शहरों में अकेलापन बढ़ रहा : *वेम्बू ने कहा, ''और फिर एक दूसरा कारक है। हम विभिन्न स्थानों, छोटे शहरों से युवाओं को बड़े शहरों में ला रहे हैं। और पहली समस्या, निश्चित रूप से, अकेलापन है। वे कार्यबल में अकेले आते हैं। और हम इस समस्या को स्वयं में देखते हैं। दूसरी बात, हमारे शहरों में कार्यस्थल और कार्यस्थल से घर तक पहुंचने के लिए एक-दो घंटे की यात्रा आम बात है।*

डिजिटल एकाधिकार की स्थिति बनने से रोके

वेम्बू ने यह भी कहा कि बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को विनियमित किया जाने की जरूरत है। उन्होंने डिजिटल एकाधिकार की स्थिति बनने से रोकने और उसपर लगाम लगाने के लिए 'मानकों' के महत्व पर जोर दिया।

कार्यस्थल पर तनाव के मुद्दे पर वेम्बू ने कहा कि हालांकि उन्होंने 27-28 साल काम किया है और यदि संभव हुआ तो 28 साल और काम करने को इच्छुक हैं।

पात्र शेयर ब्रोकरों को एक फरवरी से अनुमति देनी होगी

आईपीओ की तरह निवेशकों को कारोबार के लिए मिलेगी खाते में ही राशि रोकने यूपीआई सुविधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पात्र शेयर ब्रोकरों को एक फरवरी से अपने ग्राहकों को शेयर की खरीद-बिक्री को लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) आधारित 'ब्लॉक' व्यवस्था के उपयोग की अनुमति देनी होगी या फिर वे एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं की पेशकश करेंगे। इस कदम से निवेशकों की स्थिति मजबूत और सशक्त होगी।

पात्र शेयर ब्रोकर (क्यूएसबी) को कारोबार के मौजूदा तरीके के अलावा, इन दो विकल्पों में से एक की पेशकश करनी होगी। एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं के तहत बचत खाते, डीमैट खाते और कारोबारी खाते को जोड़ा जाता है। इस मामले में, ग्राहकों के बैंक खाते में उनकी धनराशि होगी और शेष राशि पर ब्याज मिलेगा।

यूपीआई भुगतान में वृद्धि देखी जा रही

एनटीटी डेटा पेमेंट सर्विसेज इंडिया के मुख्य वित्त अधिकारी राहुल जैन ने कहा, ''ऐसे समय में जब यूपीआई भुगतान में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी जा रही है, यह पहल मजबूत सुरक्षा के साथ बेहतर पारदर्शिता, ब्याज आय और भुगतान में सुगमता के साथ निवेशकों को सशक्त और लाभान्वित करेगी।''

कारोबारी को पहले से पैसा देने की जरूरत नहीं होगी

यूपीआई आधारित ब्लॉक व्यवस्था एसबीए (एप्लीकेशन सपोर्टेड बाई ब्लॉक्ड एमाउंट्स) जैसी होगी। यूपीआई ब्लॉक व्यवस्था में, कारोबारियों को ब्रोकर को पहले से पैसा देने की जरूरत नहीं होगी। वे अपने बैंक खातों में अवरुद्ध धनराशि के आधार पर द्वितीयक बाजार में कारोबार कर सकते हैं।

- एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं की पेशकश करेंगे
- इस कदम से निवेशकों की स्थिति मजबूत होगी
- ग्राहकों के बैंक खाते में उनकी धनराशि होगी और शेष राशि पर ब्याज मिलेगा

पात्र शेयर ब्रोकर के ग्राहकों के पास होगा विकल्प

पात्र शेयर ब्रोकर के ग्राहकों के पास विकल्प होगा कि वे या तो कारोबारी सदस्यों को कोष अंतरित कर कारोबार की मौजूदा सुविधा को जारी रखें या नई सुविधा का विकल्प चुनें। कारोबारी सदस्यों को आकार और परिचालन के पैमाने के आधार पर पात्र शेयर ब्रोकर के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

ब्लाक व्यवस्था वैकल्पिक है

शेयरों की खरीद-बिक्री के लिए 'ब्लॉक' व्यवस्था के माध्यम से प्रायोगिक तौर पर यानी बीटा संस्करण एक जनवरी, 2024 को व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) के लिए शुरू किया गया था और इसे केवल नकद खंड पर लागू किया गया था। वर्तमान में, यह सुविधा निवेशकों के लिए वैकल्पिक है।

कोष प्रबंधन में सुधार होगा

जैन ने कहा कि इसके अतिरिक्त, इस कदम से कोष प्रबंधन में सुधार होगा और निवेशकों के लिए सुविधा बढ़ेगी। इससे उन्हें कारोबार के लिए कोष को खाते में 'ब्लॉक' कर भुगतान की अनुमति देने की सुविधा मिलेगी जो उनकी राशि को दुरुपयोग से बचाएगा।

एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं की पेशकश

सेबी के निदेशक मंडल ने सोमवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके तहत पात्र शेयर ब्रोकरों को अगले साल एक फरवरी से या तो अपने ग्राहकों को द्वितीयक बाजार (नकद खंड) में यूपीआई आधारित 'ब्लॉक' व्यवस्था के उपयोग की अनुमति देनी होगी या फिर वे एक कारोबारी खाते में तीन सुविधाओं की पेशकश करेंगे।

'मेड इन इंडिया' लेबल योजना पर विचार कर रही है सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

MAKE IN INDIA

- सरकार का वैश्विक बाजारों में ब्रांड को बढ़ावा देना है
- एक उच्चस्तरीय समिति योजना के विवरण की जांच कर रही

सरकार वैश्विक बाजारों में ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मेड इन इंडिया' लेबल के लिए एक योजना तैयार करने के प्रस्ताव पर चर्चा कर रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

अधिकारी ने कहा कि एक उच्चस्तरीय समिति योजना के विवरण की जांच कर रही है। इसका उद्देश्य भारत के लिए एक मजबूत ब्रांड पहचान बनाना है, जिस तरह 'मेड इन जापान' या 'मेड इन स्विट्जरलैंड' विशिष्ट छवियों और गुणों के बारे में बताते हैं। अधिकारी ने कहा, ''हम भारत के लिए भी यही चाहते हैं।'' उदाहरण के लिए, /"जब हम स्विट्जरलैंड के बारे में सोचते हैं, तो हम अक्सर उनकी घड़ियों, चॉकलेट और बैंकिंग प्रणालियों के बारे में सोचते हैं। अधिकारी ने कहा, ''हम इस बात पर चर्चा करते हैं कि ऐसा किस तरह कर सकते हैं। क्या हम इस योजना को कपड़ा जैसे विशिष्ट क्षेत्रों के लिए बनाते हैं, जहां हमारी ताकत है। इसलिए हम ऐसी चीजों पर विचार कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता महत्वपूर्ण है।

सरकार के पास वर्तमान में भारत ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आईबीईएफ) है, जो विदेशी बाजारों में 'मेड इन इंडिया' लेबल के बारे में अंतरराष्ट्रीय जागरूकता को बढ़ावा देने और बनाने तथा भारतीय उत्पादों और सेवाओं के बारे में ज्ञान के प्रसार को सुगम बनाने के लिए है। यह वाणिज्य विभाग द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट है।

जेनेरिक दवा उद्योग ने वैश्विक भरोसा हासिल किया

भारत अपनी ब्रांडिंग को स्वाभाविक रूप से बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठा सकता है। लगातार उत्पाद की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, भारतीय दवा उद्योग ने उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के उत्पादन के माध्यम से वैश्विक भरोसा हासिल किया है।

विलय के बाद भी विस्तारा के विमान और सेवाएं बनी रहेंगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- विमानों से संचालित उड़ानों के नंबरों की शुरूआत 'एआई2' से होगी

एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने बुधवार को कहा कि अगले महीने विलय के बाद 'विस्तारा' के विमानों से संचालित उड़ानों के नंबरों की शुरुआत 'एआई2' से होगी। कंपनी ने कहा कि विस्तारा के विमान, चालक दल और सेवाएं पहले की तरह ही परिचालन में बनी रहेंगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने जोर दिया कि विलय के बाद भी विस्तारा का अनुभव बरकरार रहेगा। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के संयुक्त उपक्रम विस्तारा का एयर इंडिया से विलय 12 नवंबर को होगा। कुछ लोगों में इस बात को लेकर चिंता है कि क्या विस्तारा के यात्रियों को विलय के बाद भी अभी जैसी ही सेवाएं मिलती रहेंगी, क्योंकि परिवर्तन के दौर से गुजर रही एयर इंडिया को हाल के दिनों में कुछ सेवा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

सेवाएं पहले की तरह संचालित होती रहेगी

प्रवक्ता ने कहा, "विस्तारा विमान, चालक दल और सेवाएं पहले की तरह संचालित होती रहेंगी, लेकिन एआई2एक्सएक्स एक्स उड़ान संख्या एयरइंडिया.कॉम के माध्यम से बुक की जा सकेंगी।"

सितंबर में कोयला उत्पादन बढ़कर 6.89 करोड़ टन हुआ

नई दिल्ली। देश का कोयला उत्पादन सितंबर में 2.49 प्रतिशत बढ़कर 6.89 करोड़ टन हो गया। पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में कोयला उत्पादन 6.72 करोड़ टन था। बयान में कहा गया कि अप्रैल-सितंबर के दौरान कोयला उत्पादन 5.85 प्रतिशत बढ़कर 45.30 करोड़ टन हो गया, जो 2023-24 में इसी अवधि के दौरान 42.79 करोड़ टन था। बयान में कहा गया कि ये आंकड़े अनंतिम हैं।

एसबीआई चालू वित्त वर्ष में 600 नई शाखाएं खोलेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India

- बैंक उभरते क्षेत्रों में कारोबार के अवसरों का लाभ उठाना चाह रही
- पिछले वित्त वर्ष में बैंक ने 137 नई शाखाएं खोली थी

सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) चालू वित्त वर्ष (2024-25) में 600 नई शाखाएं खोलने की तैयारी कर रहा है। बैंक के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि एसबीआई आवासीय टाउनशिप सहित उभरते क्षेत्रों में कारोबार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए देशभर में 600 नई शाखाएं खोलेगा। शेट्टी ने बातचीत में कहा, "हमारे पास शाखा विस्तार की मजबूत योजनाएं हैं...यह मुख्य रूप से उभरते क्षेत्रों पर केंद्रित होगी। बहुत सी आवासीय कॉलोनियां हमारे दायरे में नहीं हैं।

चालू वित्त वर्ष में हम लगभग 600 शाखाएं खोलने की योजना बना रहे हैं। एसबीआई ने पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 137 नई शाखाएं खोली थीं। इनमें से 59 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्र में थीं। एसबीआई की देशभर में मार्च, 2024 तक 22,542 शाखाएं थीं। एसबीआई के देशभर में 65,000 एटीएम और 85,000 बैंकिंग प्रतिनिधि भी हैं।

बैंक 50 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है

चेयरमैन ने कहा, "हम लगभग 50 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान करते हैं और हमें यह कहते हुए गर्व होता है कि हम प्रत्येक भारतीय, और उससे भी महत्वपूर्ण बात, प्रत्येक भारतीय परिवार के बैंकर हैं। जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक आवर्ती जमा और एसआईपी के संयुक्त उत्पाद सहित नवीन उत्पाद लाने पर विचार कर रहा है।

अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज के साथ दो अनुषंगी इकाइयों का विलय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर और मुंद्रा सोलर टेक्नोलॉजी का विलय

अदाणी समूह ने हरित हाइड्रोजन एवं पवन चक्कियों (विंड टर्बाइन) का विनिर्माण करने वाली फर्म अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) के साथ अपनी दो अनुषंगी इकाइयों का विलय कर दिया है। समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने शेयर बाजार को इस विलय की सूचना दी।

अदाणी एंटरप्राइजेज ने कहा, ''हमारे पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और मुंद्रा सोलर टेक्नोलॉजी लिमिटेड का विलय हो गया है। विलय की गईं अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और मुंद्रा सोलर टेक्नोलॉजी लिमिटेड अनुषंगी की अनुषंगी कंपनियां हैं। अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स एक रियल एस्टेट कंपनी के रूप में काम करती है। वह तापीय एवं सौर बिजली परियोजनाओं के निर्माण एवं विकास के साथ इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी एवं वाणिज्यिक, परियोजना प्रबंधन सेवाएं भी देती है। वहीं मुंद्रा सोलर टेक्नोलॉजी बिजली के उत्पादन, संग्रह और वितरण कारोबार में शामिल है।

अदाणी एंटरप्राइजेज की अनुषंगी अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) कम कार्बन उत्सर्जन वाली परियोजनाएं चलाती है। यह हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं, पवन चक्कियों और सौर मॉड्यूल बैटरियों के निर्माण का काम करती है। फ्रांसीसी ऊर्जा दिग्गज टोटलएनर्जीज के पास एएनआईएल में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि अदाणी एंटरप्राइजेज के पास शेष हिस्सेदारी है।

कोल्डप्ले कंसर्ट ने बढ़ा दी हवाई टिकटों की बुकिंग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी बैंड 'कोल्डप्ले' के मुंबई और भारतीय गायक दिलजीत दोसांझ के चंडीगढ़ एवं अन्य शहरों में होने वाले संगीत कार्यक्रमों में शामिल होने की प्रशंसकों की चाहत से हवाई टिकटों की बुकिंग 300 प्रतिशत बढ़ गई है। ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी 'इक्सिगो' ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

ग्रैमी पुरस्कार विजेता बैंड कोल्डप्ले अपने 'म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स' वर्ल्ड टूर के तहत 18-21 जनवरी के दौरान मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अपना कार्यक्रम पेश करने वाला है।

- इक्सिगो ने एक रिपोर्ट में दी जानकारी
- हवाई टिकटों की बुकिंग 300 प्रतिशत बढ़ गई है

पंजाबी संगीत के लोकप्रिय गायक दिलजीत भी अपने 'दिल-उमिनाती' इंडिया टूर के तहत इस साल दिसंबर में चंडीगढ़ में एक कंसर्ट में हिस्सा लेंगे। इन दोनों संगीत कार्यक्रमों में शामिल होने और अपने पसंदीदा कलाकारों को सुनने के लिए देशभर से प्रशंसकों के बीच यात्रा बुकिंग में उछाल देखा जा रहा है। विमानों के अलावा ट्रेन और बस बुकिंग से जुड़े ऑनलाइन सर्च में तेज वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट कहती है कि मुंबई में फ्लाइट बुकिंग में सालाना आधार पर 350 प्रतिशत की जबर्दस्त वृद्धि देखी गई है।

लोग संगीत समारोह पर खर्च करने तैयार : *अधिक लोग संगीत समारोहों और त्योहारों पर खर्च करने को तैयार हैं। लाइव कंसर्ट में शामिल होने का जुनून प्रशंसकों को यात्रा करने के लिए प्रेरित कर रहा है।*

पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन ने दिया सुझाव

ब्याज दरें तय करते समय खाद्य महंगाई को बाहर रखे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- खाद्य कीमतों को मुख्य मुद्रास्फीति में जगह न देने से असमति जताई

नीतिगत दर निर्धारण के समय खाद्य कीमतों को गणना से बाहर रखे जाने के सुझावों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने खाद्य कीमतों को मुख्य मुद्रास्फीति में जगह न दिए जाने से असहमति जताते हुए कहा है कि इससे केंद्रीय बैंक के प्रति लोगों का भरोसा कम होगा। राजन ने बातचीत में कहा कि मुद्रास्फीति एक ऐसे समूह को लक्षित करे जिसमें उपभोक्ता के उपभोग वाली चीजें हों। यह मुद्रास्फीति के बारे में उपभोक्ताओं की धारणा और अंततः मुद्रास्फीति की उम्मीदों को प्रभावित करता है।

अल्प अवधि में खाद्य कीमतें प्रभावित नहीं कर सकते

वर्तमान में अमेरिका स्थित शिकॉगो बूथ में वित्त के प्रोफेसर राजन ने इस दलील पर कहा, ''आप अल्पावधि में खाद्य कीमतों को प्रभावित नहीं कर सकते लेकिन यदि खाद्य कीमतें लंबे समय तक अधिक रहती हैं तो इसका मतलब है कि मांग के सापेक्ष खाद्य उत्पादन पर कुछ बंदिशें हैं।

महंगाई कम है तो पीपीआई पर नजर डाले

राजन ने कहा, ''ऐसे में जब आरबीआई कहता है कि मुद्रास्फीति कम है तो पीपीआई पर नजर डालें। अगर उपभोक्ता कुछ अलग तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं तो वे वास्तव में यह नहीं मानते कि मुद्रास्फीति कम हुई है।''

कुछ अहम हिस्से हम छोड़ देते हैं

वह मानक ब्याज दरें तय करते समय खाद्य मुद्रास्फीति को गणना से बाहर रखने के बारे में आर्थिक समीक्षा 2023-24 में आए सुझावों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, ''अगर आप मुद्रास्फीति के कुछ सबसे अहम हिस्सों को छोड़ देते हैं और मुद्रास्फीति को नियंत्रण में बताते हैं, लेकिन खाद्य कीमतें या मुद्रास्फीति की 'टोकरी' में नहीं रखे।

उपभोक्ता का इससे कोई लेनादेना नहीं

पूर्व गवर्नर ने कहा, ''जब मैं गवर्नर बना था, उस समय भी हम पीपीआई को लक्षित कर रहे थे। लेकिन इसका एक औसत उपभोक्ता के समक्ष पेश होने वाली चुनौतियों से कोई लेना-देना नहीं होता है।'

कीमतें आपूर्ति पक्ष के दबावों से तय होती है : *आर्थिक समीक्षा 2023-24 में मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने नीतिगत दर निर्धारण की प्रक्रिया से खाद्य मुद्रास्फीति को बाहर रखने की वकालत की थी। खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ता है क्योंकि कीमतें आपूर्ति पक्ष के दबावों से तय होती हैं।*

यमुनानगर में राजनाथ ने कांग्रेस और राहुल पर किया वार

सिख भाइयों के बारे में 'अंदर- बाहर' अनाप-शनाप बोल रहे राहुल अग्निवीर योजना पर भी लोगों को गुमराह कर रहे, वे देश को न बांटें

सीधे मैदान से

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार शाम 5 बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। राज्य की 90 सीटों के लिए एक ही दिन 5 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। नतीजे 8 अक्टूबर हो आएंगे। भाजपा, कांग्रेस जैसे दलों ने जमकर प्रचार किया है। भाजपा जहां लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए ताकत झोंक रही है वहीं कांग्रेस 10 साल बाद वापसी के लिए जोर लगा रही है। हालांकि, कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर है।

एजेंसी ▶▶ यमुना नगर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यमुना नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि .ये हमारे सिख भाइयों के बारे में अमेरिका में जाकर अनाप-शनाप बोल रहे हैं कि उन्हें भारत में कड़ा पहनने और गुरुद्वारे में जाने से पहले सोचना पड़ता है।

मैं राहुल गांधी से कहना चाहता हूं कि देश को बांटने की कोशिश न करें। भारत की संस्कृति और आन-बान-शान की रक्षा में सिख समुदाय के योगदान को भारत कभी नहीं भूल सकता।

सिख समुदाय का देश में योगदान अहम

राजनाथ का दावा, हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार



दिल्ली: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि इसमें कहीं दो मत नहीं है, जनसभाओं में जनता की प्रतिक्रिया बहुत अच्छी है। हरियाणा की जनता ने तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का मन बना लिया है, मैं कह सकता हूं कि इससे पहले जितनी सीटों पर विजय प्राप्त करके भाजपा ने सरकार बनाई थी उससे ज्यादा सीटों पर विजय प्राप्त कर इस बार स्पष्ट बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनाएगी।

अग्निवीर योजना पर कांग्रेस के बयान झूठे

सिंह ने अग्निवीर योजना पर कहा कि राहुल बेवजह लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता झूठ फैला रहे हैं। सच्चाई यह है कि हर अग्निवीर को 4 साल की सेवा के बाद करीब 12 लाख का एकमुश्त करमुक्त पैकेज दिया जाता है। 25% अग्निवीर योग्यता के आधार पर सशस्त्र बलों में नियमित रूप से बने रहेंगे। कई राज्यों ने सरकारी नौकरियों में बचे हुए अग्निवीरों के लिए आरक्षण की घोषणा की है। अगर कोई अग्निवीर सक्रिय सैन्य सेवा में मरता है तो उसके परिवार को 1.5 करोड़ रुपए से अधिक दिए जाने का प्रावधान है। सेवा के अंत में 12 लाख का पैकेज भी दिया जाएगा। 44 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और बैंक के माध्यम से बिना प्रीमियम के 48 लाख दिए जाएंगे।

रविशंकर का कांग्रेस पर तंज

अखिल भारतीय कांग्रेस हरियाणा में हुड्डा कांग्रेस बन गई

रोहतक में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किय। इस दौरान कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा किअखिल भारतीय कांग्रेस हरियाणा में हुड्डा कांग्रेस बन गई है। राहुल गांधी को भी यहां अनुमति लेकर आना पड़ता है। यहां राहुल की भी नहीं चलती है। मुझे बताया गया कि कांग्रेस राज्य में गठबंधन चाहती थी, लेकिन हुड्डा इसके लिए सहमत नहीं हुए। यहां कुमारी सैलजा के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, हमने पढ़ा और देखा भी है। कम से कम उनकी वरिष्ठता का सम्मान तो किया जाना चाहिए था। ऐसा करना ठीक नहीं है।

जुलाना में बोलीं प्रियंका गांधी

मोदी जी की पुलिस ने विनेश के बाल खींचे, सड़क पर घसीटा...

हरियाणा विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा खुद पहलवान विनेश फोगाट के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचीं। यहां प्रियंका ने चुनावी रैली में कहा कि विनेश फोगाट और उसके साथियों के साथ अन्याय हुआ और वे लोग इस अन्याय के खिलाफ खुलकर खड़े हो गए। विनेश ने प्रियंका को अपनी बड़ी बहन और रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा को बड़ा भाई बताया। प्रियंका ने कहा कि विनेश ने जब जापानी गोल्ड मेडलिस्ट को हराया तब वह और उनकी बेटी इस मैच को टीवी पर देख रहे थे और दोनों कूदने लगे। उन्होंने कहा कि विनेश फोगाट के साथ कितना अन्याय हुआ है, मोदी जी की पुलिस ने उसके बाल खींचे, उसको सड़क पर घसीटा, मारा-पीटा लेकिन तब भी वह झुकी नहीं, पीछे हटी नहीं, लड़ती रही और टूटी नहीं, ओलंपिक में गई और देश के लिए लड़ी और पूरा देश आज विनेश के साथ है।

सब कुछ अडाणी-अंबानी को दे दिया

प्रियंका ने कहा कि रोजगार के मामले में हरियाणा सबसे पीछे है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने सब कुछ अडाणी-अंबानी को दे दिया है, ऐसे में रोजगार कैसे बनेंगे? आज छोटे व्यापार और खेती-किसानी से रोजगार खत्म हो चुके हैं और सरकार की नीतियां ही आपके खिलाफ हैं।पभाजपा अग्निवीर लेकर आई, जिसमें 4 साल की नौकरी है और कोई पेंशन नहीं है। युवा 4 साल बाद बेरोजगार हो जाए और फिर नौकरी ढूंढें। हरियाणा की जनता के साथ हर स्तर पर अन्याय हो रहा है। काले कानूनों के खिलाफ किसान दिल्ली के बॉर्डर पर बैठे रहे, 750 किसान शहीद हो गए, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे नहीं मिले। प्रियंका ने कहा कि भाजपा हरियाणा में 24 फसलों पर एमएसपीदेने की बात कर रही है लेकिन उनमें से 10 ऐसी फसलें हैं, जो हरियाणा में किसान उगाते ही नहीं हैं।

खरगे ने पीएम पर साधा निशाना

डबल इंजन सरकार ने हरियाणा के जवान और किसान दोनों को बर्बाद किया

चरखी दादरी। उन्होंने चरखी दादरी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'हरियाणा की जनता से किए वादे पूरे नहीं करने' के लिए बुधवार को भाजपा पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पीएम मोदी भरोसा तोड़ने वालों के भी सरदार हैं। हरियाणा की जनता इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जिताने का फैसला कर चुकी है।आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती है। मैं इन दोनों महान हस्तियों को नमन करता हूं। महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। कहना नहीं चाहता लेकिन आज के सत्ताधारी लोग कितना सच बोलते है और कितना झूठ।

हिमाचल के सीएम बोले

पीएम के फैक्ट गलत, पूरी की 10 में से 5 गारंटी

पंचकूला। हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को हरियाणा में चुनाव प्रचार किया। पंचकूला में कांग्रेस प्रत्याशी चंद्र मोहन के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पीएममोदी हरियाणा में हिमाचल की बात करते हैं, लेकिन पीएम के फैक्ट सही नहीं थे। हिमाचल की पूर्व भाजपा सरकार ने चुनावी बेला में 5000 करोड़ रुपए की मुफ्त की रेवड़ियां बांटी, ताकि सरकार वापस लाई जा सके। टैक्स पेयर को 125 यूनिट बिजली मुफ्त दी गई कांग्रेस सरकार ने हिमाचल की सत्ता में आते ही कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम बहाल की। सरकार ने 10 में से 5 गारंटियां 20 महीने में ही पूरी की। महिलाओं को 1500 रुपए इंदिरा गांधी सुख समृद्धि योजना के तहत दिए जा रहे हैं। दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है।

लीला राम के बयान पर फिर भड़के सुरजेवाला

अराजक तत्व नहीं चला सकते सरकार

कैथल। हाल ही में भाजपा प्रत्याशी लीला राम ने कैथल से कांग्रेस प्रत्याशी और रणदीप सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरेजावाल को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया था।उनके इस बयान के बाद से विवाद बढ़ता ही जा रहा है। वहीं, एक बार फिर से रणदीप सुरजेवाला ने लीला राम के बयान को लेकर उन्हें घेरने का प्रयास किया है। कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला ने कैथल से भाजपा प्रत्याशी लीला राम के बयान को लेकर फिर से पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा समाजकंटकों की पार्टी है और वह शासन नहीं चला सकते हैं।

गुड़गांव में बिना मंजूरी चुनाव प्रचार में 24 गिरफ्तार

विधानसभा चुनाव में गुड़गांव पुलिस की ओर से चुनाव में प्रचार के नियमों की अवहेलना और आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। अब तक पुलिस ने चेकिंग के दौरान बिना अनुमति के चुनाव प्रचार सामग्री रखने और चुनाव प्रचार करने पर 18 केस दर्ज कर 24 आरोपियों गिरफ्तार किया है। असामाजिक तत्वों पर सख्ती बरतते हुए पुलिस ने 134 मामलों में 243 लोगों के खिलाफ ऐक्शन लिया है।

खबर संक्षेप

अस्पताल में गोविंदा से मिली क्राइम ब्रांच की टीम

मुंबई। अभिनेता गोविंदा के साथ मंगलवार को हादसा हुआ। गोली गोविंदा के पैर में लगी। उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पैर से बुलट निकाल दी और अब वे खतरे से बाहर हैं। बुधवार को मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम अभिनेता से मिलने अस्पताल पहुंची है। टीम ने घटना के संबंध में जानकारी ली। इस बीच अभिनेता कीर्ति कुमार और राजनेता कृपाशंकर सिंह भी उनसे मिलने पहुंचे।

असंतुष्ट विधायक अनवर सियासी पार्टी बनाएंगे

मलाप्पुरम। यहां के असंतुष्ट विधायक पीवी अनवर ने बुधवार को कहा कि वे केरल में एक नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे, जो राज्य में आगामी सभी चुनाव लड़ेगी। नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र से वाम मोर्चा के उम्मीदवार के रूप में जीतने वाले अनवर के साथ माकपा ने सभी संबंध तोड़ लिए हैं। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा उठाए मुद्दे एक आंदोलन का रूप ले चुके हैं और यह आंदोलन एक राजनीतिक पार्टी में बदलेगा।

कैबिनेट की बैठक में आज डीए पर फैसला संभव

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में बढ़ोतरी का लंबा इंतजार 3 अक्टूबर को खत्म हो सकता है। केंद्रीय कैबिनेट की विशेष बैठक गुरुवार को होने जा रही है। इस बैठक में डीए बढ़ोतरी पर फैसला आने की पूरी उम्मीद है। बताते चलें कि केंद्र सरकार के कर्मचारी डीए बढ़ोतरी की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो आमतौर पर सितंबर के अंत में की जाती है। कर्मचारियों को उम्मीद है कि जल्द ही इसमें बढ़ोतरी की जाएगी।

पीएम ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन पर झारखंड में कहा

झामुमो नीत गठबंधन खेल रहा खतरनाक खेल भाजपा रोटी, बेटी व माटी को बचाने को प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ हजारीबाग

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन पर एक कार्यक्रम में कहा कि कहा कि झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है। उन्होंने झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर राज्य की पहचान, संस्कृति और विरासत की कीमत पर घुसपैठियों का समर्थन करके 'वोट बैंक की राजनीति' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 'माटी, बेटी, रोटी' को बचाने के लिए अब 'ऐसी ताकतों को बाहर करने' का समय आ गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि झारखंड में बेटी, माटी, रोटी की रक्षा करनी होगी झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन एक खतरनाक खेल खेल रहा है, जो घुसपैठियों को संरक्षण देते हुए लोगों की पहचान, संस्कृति और परंपराओं को खतरे में डाल रहा है। महिलाओं ने उन्हें 'माटी, बेटी, रोटी' की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में 'परिवर्तन यात्रा' के दौरान एकत्र की गई मिट्टी से भरा एक कलश भेंट किया।

यह भी बोले-झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों की जनसंख्या घट रही ,यह देश के लिए ठीक नहीं

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए यहां बदलाव होना चाहिए

83,000 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

पीएम मोदी ने हजारीबाग में 83,300 करोड़ की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और शुभारंभ किया। पीएम मोदी का यह दौरा 17 दिनों में दूसरी बार है, जब वह झारखंड आए हैं, इससे पहले वे 15 सितंबर को जमशेदपुर आए थे। जनजातीय समुदायों के लिए शैक्षिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री ने यहां 40 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का उद्घाटन किया और 2,800 करोड़ की लागत वाले 25 ईएमआरएस की आधारशिला रखी।

विनोबा भावे विवि में जोहार कहकर संबोधित किया

प्रधानमंत्री मोदी हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय के मटवारी गांधी मैदान में एक कार्यक्रम में जोहार कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारा आदिवासी समाज तभी आगे बढ़ेगा जब आदिवासी युवाओं को अच्छी शिक्षा का अवसर मिलेगा।

बापू और शास्त्री की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पीएम मोदी ने दोनों महान व्यक्तित्व का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।बापू की बुधवार को 155वीं जयंती है। पीएम ने एक्स पर एक पोस्ट में भी बापू को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि व्यक्त की और सत्य, सद्भाव और समानता पर आधारित बापू के जीवन और आदर्शों के स्थायी प्रभाव पर जोर दिया। सभी देशवासियों की ओर से पूज्य बापू को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। पीएम मोदी ने शास्त्री की जयंती पर उन्हें विजय घाट पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने एक्स पर कहा कि 'देश के जवान, किसान और स्वाभिमान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि।

महाराष्ट्र में सियासत गरमाई

आधी रात को अनंत ने की उद्धव से मुलाकात, फिर सीएम से मिले

सीएम शिंदे अनंत अंबानी उद्धव ठाकरे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ी है। चुनाव आयोग ने जल्द ही चुनाव तारीखों की घोषणा करने का संकेत दिया है और दोनों मुख्य गठबंधन महायुति और महाअघाड़ी के बीच सीट बंटवारे को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है।

राजनीति में एक नया मोड़ तब आया जब मंगलवार देर रात अनंत अंबानी ने एक के बाद एक महाराष्ट्र के दो बड़े नेताओं से मुलाकात की। रात करीब 11 बजे, अनंत ने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे से मातोश्री पर मिले। रात 1 बजे अनंत सीएम एकनाथ शिंदे से रकारी निवास वर्षा बंगले पर पहुंचे। इन बैठकों के बाद राजनीतिक अटकलें और तेज हो गईं हैं।

मुलाकात की वजह पर अटकलें

अनंत अंबानी की इन दोनों नेताओं से मुलाकात को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि यह मुलाकात आने वाले चुनावों के संदर्भ में हो सकती है। बताया जा रहा है कि अनंत अंबानी का उद्धव ठाकरे से पारिवारिक संबंध है, और सीएम शिंदे से मुलाकात उनके किसी प्रोजेक्ट को लेकर हो सकती है। बावजूद इसके, आधी रात को इन बैठकों ने महाराष्ट्र की सियासत को गरमा दिया है।

अजित और शाह भी मिले

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसका विवरण अभी सामने नहीं आए हैं, लेकिन अटकलें हैं कि यह बैठक एनसीपी में चल रहे मतभेदों के संदर्भ में हो सकती है।

भाजपा आम लोगों की सरकार नहीं: नाना

इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस नेता नाना पटोले ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार सिर्फ उद्योगपतियों की है, आम लोगों की नहीं। उद्योगपति आधी रात को मुख्यमंत्री से मिलने जाते हैं, लेकिन आम आदमी की समस्याओं पर इस सरकार का कोई ध्यान नहीं है।

मुजफ्फरपुर में हादसा

पीड़ितों का मददगार हेलिकॉप्टर पानी में गिरा, लोगों ने निकाला

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

बिहार के बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से राहत सामग्री गिरने की जिम्मेदारी सेना के हेलीकॉप्टरों ने उठाई है। सबसे पहले सीतामढ़ी से इसकी शुरुआत हुई थी।

उसके बाद राज्य के अन्य जिलों में राहत सामग्री पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल शुरू हुआ। बुधवार को ऐसा ही एक हेलीकॉप्टर मुजफ्फरपुर में खुद ही बाढ़ के पानी में गिर गया। राहत सामग्री गिराते समय अनियंत्रित होकर यह हेलीकॉप्टर पानी में गिरा तो स्थानीय लोगों ने जल्दी से कूद कर बचाव दल के लोगों को बचाया। घटना मुजफ्फरपुर जिला के औराई प्रखंड अंतर्गत घनश्यामपुर इलाके की है। ग्रामीणों का कहना है कि गनीमत रही कि इस हादसे में पायलट और सेना के जवान सुरक्षित हैं। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों के पहल पर सभी जवानों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

पश्चिम बंगाल में रेल मंत्री वैष्णव का बड़ा बयान

यहां भूमि मुहैया न कराने से 61 परियोजनाएं अटकीं

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को घोषणा की कि पश्चिम बंगाल में रेलवे की तरफ से 60,000 करोड़ रुपए के निवेश का अवसर है।

इस दौरान उन्होंने इस बात का खुलासा किया कि रेलवे को भूमि सौंपने से जुड़े मुद्दों के कारण राज्य में मौजूदा में 61 परियोजनाएं रुकी हुई हैं। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए टीएमसी सरकार को राजनीति से ऊपर उठने की जरूरत है।

यहां 60,000 करोड़ रुपए के निवेश का अवसर

राज्य सरकार के सहयोग से योजनाएं फलीभूत होंगी

सियालदह स्टेशन पर कई रेलवे परियोजनाओं और ट्रेन सेवाओं का उद्घाटन करने के बाद रेल मंत्री ने कहा कि इस तरह के निवेश तभी संभव होंगे जब राज्य सरकार सहयोग करेगी। 26 किलोमीटर की मेट्रो रेलवे परियोजनाएं हैं। भूमि संबंधी मुद्दों के कारण रुकी हैं।

रेलवे परियोजनाओं को लेकर नहीं हो राजनीति

ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड में स्वच्छ भारत कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने पीएसयू का निरीक्षण भी किया। वैष्णव ने लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि विकास समय की मांग है, रेलवे परियोजनाओं को लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। अगर राज्य सरकार हमारा समर्थन करती है, तो लोगों की भलाई के लिए इन 61 लंबित परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है।

'कवच' को लेकर दी जानकारी

रेलवे दुर्घटनाओं के बारे में चिंताओं को लेकर उन्होंने कवच 4.2 के पूरा होने समेत सुरक्षा उपायों में महत्वपूर्ण प्रगति का उल्लेख किया। वैष्णव ने कहा कि रेलवे सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कवच का विकास अब पूरा हो गया है। कवच 4.2 को हाल ही में कोटा और सवाई माधोपुर में लागू किया गया है, जिसमें लगभग 2,000 किमी रेलवे ट्रैक और 900 लोकोमोटिव शामिल हैं, जो बड़े पैमाने पर सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)